07 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 80

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# मंईयां सम्मान: महिलाओं ने झोली भर कर दिया आशीर्वाद

## 56 लाख महिलाओं के खाते में 1415 करोड़ रुपये ट्रांसफर, सीएम ने कहा- विपक्ष ने मजाक उड़ाया, हमने वादा निभाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड में सोमवार को राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बटन दबा कर मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर किये। राज्य की 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं के बैंक खाते में 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गये। महिलाओं ने झोली भर कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के कई गैर-सरकारी संगठन महिला सशक्तिकरण पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। जब हमने 1,000 रुपये महिलाओं के खाते में देने की घोषणा की, तो विपक्षी दलों ने हमारा मजाक उड़ाया। हमने 2,500 रुपये करने का वादा किया, तो उसका भी मजाक उड़ाया गया। बाद में उन्होंने 2,100 रुपये देने का झूठा वादा करना शुरू किया। हम पर सवाल खड़े किये कि इतने पैसे कहां से आयेंगे। विपक्ष के नेताओं ने हमसे पूछा कि इतने रुपये कहां से लाओगे। हमने भी उनसे पूछा कि आप ऐसी घोषणा कर रहे हैं। आप कहां से पैसे लाओगे। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद सोचेंगे कि देना है कि नहीं देना है। हमने वादा किया था, हमने अपना वादा पूरा किया।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है, उसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है। हमारी इस महत्वाकांक्षी योजना को कई अन्य राज्य रोल मॉडल के रूप में देखते हुए उसे अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार, शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद जोबा मांझी और महुआ माजी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



### महिलाओं के माध्यम से अर्थव्यवस्था का पहिया घुमाने जा रहे

हेमंत सोरेन ने कहा कि इस पैसे से लोग मुर्गी खरीद कर मुर्गीपालन से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं के माध्यम से अर्थव्यवस्था का पहिया घुमाने जा रहे हैं। इस अभियान के जरिये हम झारखंड के माथे पर लगे गरीबी और पिछड़ेपन के कलंक को मिटा देंगे। देश की आजादी से पहले और आजादी के बाद कई बड़े-बड़े प्रतिष्ठान लगे, लेकिन राज्य का भला नहीं हुआ। यहां के गरीब और गरीब होते गये। अमीर और अमीर होते गये।

### महिला और पुरुष एक हल के दो बैल

हेमंत सोरेन ने कहा कि महिला और पुरुष एक हल के दो बैल होते हैं। जब तक दोनों साथ नहीं चलेंगे, तब तक खेती नहीं होगी। इसलिए देश और राज्य के विकास की कल्पना महिलाओं को ध्यान में रखे बगैर नहीं की जा सकती है। हमने जो कदम उठाया है, आने वाले समय में देश के अन्य राज्य भी उसका अनुसरण करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए योजनाएं बहुत बनीं, लेकिन महिलाओं का विकास नहीं हुआ। झारखंड की महिलाओं में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चलने की क्षमता है।

### चुनाव में झूठे वादे करके दिग्भ्रमित करते हैं राजनीतिक दल

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राजनीतिक दल झूठे वादे करते हैं। लोगों को दिग्भ्रमित करते हैं। झूठे सपने दिखाते हैं। जब-जब चुनाव आते हैं, वोट मांगने के लिए स्टार प्रचारक पुरुषों से वोट मांग कर चले जाते हैं। महिलाओं से वोट मांगने कोई नहीं जाता था। चुनाव में आपने हमारी बात मानी, पहले से ही मन बना रखा था कि हमारी सरकार आप बनायेंगे। आने वाले दिनों में बहुत कुछ तेजी से बदलेगा। हमने राशन फ्री में दिया। बच्चों की पढ़ाई, लिखाई, कलम-कॉपी सब मुफ्त में सरकार दे रही है। बिजली फ्री कर दिया। इसके आगे क्या होगा, इसकी परिकल्पना आपने नहीं की होगी।

**पैसे का इस्तेमाल अपनी सुविधानुसार कर सकती हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पैसे से आप बच्चों की ट्यूशन फीस दे सकती हैं। किताब, कलम, अपने लिए हर त्योहार में कपड़ा खरीद सकती हैं। अपनी पसंद के कपड़े खरीद सकती हैं। गैस सिलेंडर खरीद सकती हैं। सरकार के अनाज पर जिंदा रहने की जरूरत नहीं है। पोषक आहार, मांस-मछली खरीद कर खा सकती हैं। खून की कमी से जूझ रहीं महिलाएं अपने लिए पोषक आहार खरीद सकती हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमें मालूम हुआ है कि बहुत से ऐसे गरीब हैं, जो राशन का अनाज बेच देते हैं, क्योंकि उससे ज्यादा उन्हें पैसे की जरूरत होती है। शिकायत यह भी आयी है कि परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए कई लोग बच्चों को मिलने वाली साइकिल भी बेच देते हैं, लेकिन अब वह नौबत नहीं आयेगी।

**चुनाव में आपने कमाल कर दिया:** मुख्यमंत्री ने महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने चुनाव में कमाल कर दिया। आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया, उससे हम अभिभूत हैं। हमने वादा किया था कि राज्य की आधी आबादी को उनका हक-अधिकार दिलायेंगे। उनके सपनों को पूरा करने में हम मदद करेंगे। आपको स्वावलंबी बनाने का भी हमने संकल्प लिया था। इसी क्रम में आज हमने इतना बड़ा कदम उठाया है। हेमंत सोरेन ने कहा कि आप पर घर-परिवार की जिम्मेदारी तो होती ही है, अब राज्य के विकास में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है।

**सरकार गरीबों की हर तरीके से मदद कर रही:** हेमंत सोरेन ने कहा कि अब आप अपने सपनों को साकार करने के लिए अपने हिसाब से आगे बढ़ेंगी। हमारी सरकार कई तरीके से गरीबों की मदद करती है। सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उपाय ढूंढ़ती है, लेकिन स्वतंत्र रूप से आप अपने घर-परिवार, खेती-बाड़ी रोजगार के लिए कोई सपना नहीं देख पाते थे। आज हमने एक ऐसी व्यवस्था आपको दी है, जिसके माध्यम से आप सपने भी देखेंगे और उन सपनों को पूरा करने की क्षमता भी आपके हाथों में होगी।

**बैंकों को अपना नजरिया बदलना होगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के प्रति बैंकों का रुख बहुत अच्छा नहीं है। यहां के गरीब लोग बैंकों में जो पैसा जमा करते हैं, उसका इस्तेमाल कहीं और होता है। यहां के लोगों को बैंकों से जो मदद मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलती है, लेकिन अब बैंकों को अपना रुख बदलना होगा और इस राज्य और यहां के लोगों की जरूरत के अनुरूप उन्हें कार्य करना होगा।

**महिलाओं ने झोली भर-भर कर आशीर्वाद दिया:** नामकुम ट्रेनिंग ग्राउंड में राज्य भर से जुटी मां-बहनों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन को झोली भर-भर कर आशीर्वाद दिया। वहां आयीं महिलाओं का कहना था कि हमें मात्र चंद रुपयों की खातिर अपने खेत बंधक रखने पड़ते थे। बेटी की शादी नहीं हो पाती थी। बच्चों की फीस नहीं दे पाते थे, लेकिन हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने हम लोगों की दशा बदल दी। हमें अपने पैरों पर खड़ा कर दिया।

## न्यूज रील्स

### आजाद सिपाही अखबार के प्रतिनिधि दीपेंद्र प्रभंजन का निधन



बोकारो। आजाद सिपाही अखबार के बोकारो के प्रतिनिधि प्रभंजन अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका सोमवार को अपराह्न 4:15 बजे बीजीएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। दीपेंद्र प्रभंजन अपने सरल स्वभाव और पत्रकारिता में बेहतरीन योगदान के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। साथी पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सल धमाका, आठ शहीद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने सोमवार को जवानों को लेकर जा रहे वाहन को ब्लास्ट कर उड़ा दिया। हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान शहीद हो गये। एक ड्राइवर की भी मौत हुई है। आइजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर से संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन पूरा कर लौट रही थी। सोमवार दोपहर करीब सवा दो बजे बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट किया। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गये। गाड़ी के कुछ हिस्से 30 फीट दूर एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर मिले।

# प्रशांत किशोर ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजे गये

### सशर्त जमानत लेने से मना किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को पटना सिविल कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में पटना की बेऊर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि रुकना नहीं है, रुका तो कइयों का मन बढ़ेगा। जेल से अनशन जारी रहेगा। पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को पुलिस ने सोमवार सुबह 4 बजे गिरफ्तार



किया था। वह 2 जनवरी की शाम 5 बजे से बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में आमरण अनशन पर थे। पटना सिविल कोर्ट में उनकी पेशी हुई। एसडीजेएम आरती उपाध्याय की कोर्ट से उन्हें 25 हजार के निजी मुचलके पर बेल मिली। कोर्ट में पेशी के दौरान प्रशांत किशोर ने खुद बहस की। उन्होंने जज को बताया कि किस तरीके से पुलिसिया बर्बरता की गयी। कोर्ट से जमानत मिली, लेकिन प्रशांत किशोर सशर्त जमानत लेने के लिए तैयार नहीं हुए। प्रशांत किशोर ने पीआर बांड पर साइन नहीं किये। उनकी ओर से ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की गयी। दरअसल कोर्ट ने कहा है कि आगे से ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे, जिसकी वजह से आम लोगों को दोबारा परेशानियों का सामना करना पड़े। पीके इसका विरोध कर रहे हैं। जज अपने फैसले पर कायम हैं।

# सम्मान पाकर अभिभूत हुईं महिलाएं

### किसी की बेटी की शादी का बना संबल, तो किसी ने बच्चे की स्कूल फीस जमा की

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के दूर-दराज के गांवों में रहने वाली महिलाओं के लिए हर माह 2500 रुपये क्या मायने रखते हैं, उसकी झलक सोमवार को नामकुम में दिखी। सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना का आयोजन किया गया था। इसमें भाग लेने आयीं महिलाएं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खोंइछा भर-भर के दुआएं दे रही थीं। कोई सीएम की लंबी उम्र की कामना कर रही थी, तो कोई कह रही थी कि यह सरकार कभी न जाये। महिलाओं ने बताया कि जो





कार्यक्रम में मौजूद लाभुक महिलाएं ।

पैसा मिल रहा है, उससे घर की आर्थिक स्थिति बदल गयी है। रोजमर्रा के खर्चे के अलावा घर के जरूरी काम भी इस पैसे से निबटाये जा रहे हैं। गुमला से आयीं मनीषा कुमारी कहती है कि अगर उसका चयन मंईयां सम्मान योजना में नहीं होता, तो उसकी पढ़ाई बंद हो जाती। भरनो में वह कंप्यूटर क्लास कर रही है। पैसा मिला, तो फीस जमा कर रही है। गुमला से ही पर्वती उरांव पहुंची थी। वह कहती है कि पहली किस्त में मैंने साड़ी खरीदी है और तीन बच्चों की फीस जमा की है। अगर मंईयां योजना का पैसा नहीं मिलता, तो बच्चों की पढ़ाई बंद हो जाती। लोहरदगा से उषा देवी, पलामू से ज्योति देवी भी पहुंची थीं। सीएम हेमंत सोरेन की जम कर तारीफ कर रही थीं। सिमडेगा की शशिकांत बाड़ा भी रांची आयी हुई थीं। वह कहती हैं, किस मुंह से हेमंत सोरेन की तारीफ करूं। घर उनके कारण ही चल रहा है। सिमडेगा से ही पुष्पांजलि प्रधान आयी थीं। उन्होंने कहा, इस सरकार को 20 साल रहना चाहिए। लातेहार से बसंती उरांव रांची आयी थीं। अब तक उन्हें 6500 रुपये मिल चुके हैं। बच्चों को पढ़ाने में पैसा लगा रही हैं। लातेहार की मुनिया उरांव कहती हैं कि पैसा जमा कर रहे हैं। बड़ा काम करूंगी। लातेहार से ही आयीं प्रीतम देवी कहती हैं कि अब मोहल्ले वालों के सामने हाथ नहीं पसारना पड़ता है। हेमंत ने जो कहा, सो कर दिखाया है। साहिबगंज से आयीं एक महिला ने कहा कि पैसा बेटी की शादी के लिए रख रही हूं। खर्च नहीं किया है।

**सर्वसाधारण को सूचना**

दिनांक-21/22.09.2024 को आयोजित JSSC CGL परीक्षा-2023 में कथित गड़बड़ी/अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी अथवा अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो आदि) अथवा जानकारी है तो निम्नांकित ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर उपलब्ध कराया जा सकता है-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

इसके अतिरिक्त इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

अपराध अनुसंधान विभाग,
राजा रानी कोठी, डोरण्डा, राँची,
झारखण्ड।

**PUBLIC - NOTICE**

This is to inform that anyone who is having any information or any evidence (documents, audio-video etc) with regard to alleged irregularity in the conduct of JSSC CGL examination-2023 held on dated **21/22.09.2024**, the following e-mail ID and Mobile No. can be contacted-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

One can also personally meet the IO of the case during the working days in the CID office. Individual's identity will be kept confidential.

Criminal Investigation Department,
Raja Rani Kothi, Doranda, Ranchi,
Jharkhand.

P.R. 343617 (Police) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,900 रु./10 ग्राम
चांदी 92,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## मंईयां सम्मान योजना : राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण में एक कदम और...

# बहनों को सशक्त बनाने का वादा सरकार पूरा कर रही : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने डीबीटी के जरिये बटन दबा कर राशि जारी की, महिलाएं खुशी से झूम उठीं
- महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार तरीके से स्वागत किया




सुनील सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम में जैसे ही बटन दबा कर 56 लाख 61 हजार 791 लाभुकों के बीच 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये की राशि उनके खाते में डीबीटी के जरिये बटन दबा कर भेजी, महिलाएं खुशी से झूम उठीं। महिलाओं की आंखों में उम्मीद की एक अलग चमक के साथ उनका चेहरा खिल उठा। मौका था सोमवार को रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम, जहां राज्यभर से लाखों महिलाएं इसकी साक्षी बनने पहुंची थीं। मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अपने आपमें अनोखा रहा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जबरदस्त इंट्री हुई। दोपहर दो बज कर पांच मिनट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। दोनों के पहुंचने की सूचना मिलते ही पूरा मैदान हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे से गूंजने लगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन भी इस अपार जनसमूह को देख कर गदगद हो गये और मंच के सामने बने रैंप पर दोनों चढ़ गये। फिर इसी पर चल कर स्टेज तक पहुंचे। इस दौरान हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन वहां मौजूद महिलाओं के बीच पुष्प वर्षा करते हुए चल रहे थे, वहीं आगे-आगे बाघ के भेष में छऊ नृत्यमंडली दोनों का स्वागत कर रही थी। महिलाओं ने भी जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों मंच पर पहुंचे, जहां झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जब लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किये जा रहे थे, वहीं मंच के नीचे फुलझड़ी और पटाखे फोड़ खुशियां मनायी गयीं। यह आयोजन राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण में एक कदम आगे बढ़ गया है। इससे पहले सुबह से ही नामकुम स्थित खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड में अन्य जिलों से महिलाएं पहुंचने लगी थीं। मैदान के बाहर हजारों बसों और छोटी-छोटी गाड़ियों का तांता लगा हुआ था। कार्यक्रम में पहुंच रही महिलाओं के चेहरों की चमक ही बता रही थी कि इस योजना से वे कितनी उत्साहित हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंची महिलाओं ने बताया कि इससे उनके घर की माली हालत सुधरेगी। किसी ने कहा कि पढ़ायी-लिखायी में मदद मिलेगी, तो किसी ने कहा कि इन पैसों को जमा कर कुछ छोटा-मोटा काम शुरू करेंगे। वहीं अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जो कहा सो किया, इस राज्य की बहन -बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नयी ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान स्वाभिमान और हक अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपने आगे बढ़ने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के मकसद से हमने इस योजना को लागू किया है। हमारे इस कदम से आप अपने घर-परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगी। अब आप अपने सपनों को साकार करने के लिए अपने हिसाब से आगे बढ़ेंगी। हमारी सरकार कई तरीके से गरीबों की मदद करती है। सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उपाय ढूंढ़ती है, लेकिन स्वतंत्र रूप से आप अपने घर-परिवार, बाल-बच्चे, खेती-बाड़ी रोजगार के लिए कोई सपना नहीं देख पाती थीं। आज हमने एक ऐसी व्यवस्था आपको दी है, जिसके माध्यम से आप सपने भी देखेंगी और उन सपनों को पूरा करने की क्षमता भी आपके हाथों में होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर-परिवार भी चलाती हैं और कामकाज भी करती हैं। ऐसे में पैसे का महत्व उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार घर-परिवार चलाने वाली महिलाओं पर राज्य को आगे ले जाने का जिम्मा भी सौंप रही है। अब महिलाओं के जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया घुमाने का प्रयास हो रहा है, क्योंकि इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने में आधी आबादी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कई चीजें तेजी से बदलेंगी। राशन, बिजली फ्री किया गया। धोती-साड़ी से लेकर बच्चों की पढ़ायी-लिखायी तक में मदद की जा रही है। इन पैसों से गैस के सिलेंडर भी खरीद सकती हैं। किताब कलम-कपड़ा भी खरीद सकती हैं। पौष्टिक आहार खरीद कर बच्चों को स्वस्थ भी बना सकती हैं। पैसा नहीं रहने के कारण गरीब अनाज और बच्चों की साइकिल तक बेच देते थे, लेकिन अब इसकी जरूरत नहीं होगी। पैसे का मूल्य महिलाओं से ज्यादा कोई नहीं जान सकता। ईमानदारी से यह व्यवस्था चलेगी तो गरीबी और पिछड़ेपन की कालिख मिटने में देर नहीं लगेगी। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए जनता का साथ जरूरी है।

### केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ असम के दौरे पर

## रक्षा राज्यमंत्री ने असम में देखा पूर्वोत्तर का विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय असम दौरे पर सोमवार को असम के विभिन्न संस्थाओं का दौरा कर पूर्वोत्तर के विकास कार्य को देखा। इस अवसर पर श्री सेठ ने बताया कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम रोजगार सृजन में भी कीर्तिमान बना रहा है। आज बजाली के पाताचारकुची अनुमंडल में दूध उत्पादक डेयरी किसान जूना तामुली बर्मन से मिला, उनके फार्म का भी अवलोकन किया। इनके उद्यम कौशल को लेकर पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। जूना तामुली डेयरी फार्म



के साथ-साथ मत्स्य पालन तालाब का भी रखरखाव करती हैं। यह सुखद लगता है कि छोटे शहरों की महिला किसान भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। अपनी आजीविका में सुधार कर रही हैं। बर्मन सभी महिला किसानों के लिए प्रेरणा हैं। असम के बजाली में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक प्ले स्कूल है जो वहां के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से हर सुविधा से सुसज्जित है। साथ ही असम में तपोवन स्पेशल स्कूल का अवलोकन कर बच्चों के संग संवाद किया। वहां की शिक्षा प्रणाली से अवगत हुए। साथ ही बजाली जिले के अधिकारियों के साथ भारत सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा की। वहां के अनुमंडल सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां नवजात शिशुओं को आधार कार्ड जारी करने की अच्छी व्यवस्था है। जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही आधार कार्ड भी दिये जाते हैं। श्री सेठ ने कहा आज पूर्वोत्तर राज्य में विकास की गंगा बह रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व का यह परिणाम है।

## भाजपा बताये जेंडर बजट के 6000 करोड़ कहां गये : राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम के आर्मी ग्राउंड में सोमवार को आयोजित मंईयां सम्मान योजना समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में जो 6000 करोड़ रुपये का जेंडर बजट लाया था, वह कहां गया। महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे क्यों नहीं बढ़ीं। वर्ष 2017-18 में देवघर को छोड़कर कहीं भी महिला छात्रावास क्यों नहीं बन पाया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वितरित किये गये 38 लाख गैस चूल्हे किस स्थिति में हैं, यह भाजपा को बताना चाहिए।



**अब बहन-बेटियां किसी के आगे हाथ नहीं पसारेंगी :** वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद सिर्फ हेमंत सरकार ने ही आधी आबादी के बारे में सोचा है। आज महिलाओं के लिए आराधना का दिन है। बहन -बेटियों को 2500 रुपये प्रतिमाह मिलना शुरू हो गया है। इस राशि से राज्य से पलायन रुकेगा।

## झारखंड हाइकोर्ट में उपस्थित हुईं गृह सचिव

### होमगार्ड डीजी को 7 को उपस्थित होने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान हाइकोर्ट के आदेश के पर सिर्फ गृह सचिव वंदना दादेल ही कोर्ट में हाजिर हुईं।

हाइकोर्ट के पिछले आदेश के बाद भी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के कोर्ट में सशरीर उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी। मौखिक रूप से कोर्ट ने कहा कि अदालत के आदेश को हल्के में ना लिया जाये। कोर्ट ने अपने आदेश को संशोधित करते हुए अगली सुनवाई में सात जनवरी को डीजी होमगार्ड को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। हाइकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से इस केस की बहस सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता अभय कांत मिश्रा और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता दिलीप चक्रवती एवं अशोक सिंहा ने की।

पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि आदेश की तारीख से पुलिसकर्मियों के समकक्ष होमगार्ड जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देना होगा। कोर्ट ने दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को




सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दायर की है। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से पहले ही खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था तथा एसएलपी खारिज कर दी थी।

होमगार्ड जवानों अजय प्रसाद एवं अन्य ने पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य लाभ के लिए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। प्रार्थियों का कहना था कि होमगार्ड का पोस्ट सिविल पोस्ट है। क्योंकि, वह पुलिसकर्मियों की तरह ड्यूटी करते हैं। इसलिए नियमित पुलिसकर्मियों की तरह उन्हें भी लाभ दिया जाये। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने 25 अगस्त, 2017 को प्रार्थी और अन्य दूसरे होमगार्ड को लाभ देने के संबंध में कानून सम्मत निर्णय लेने का राज्य सरकार को निर्देश दिया था।

## सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से मांगी अफीम की खेती नष्ट करने की रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से कितनी अफीम की खेती को नष्ट किया गया है, इस संबंध मं रिपोर्ट मांगी है। सीआइडी के डीजी और झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची, चतरा, पलामू, चाईबासा, हजारीबाग, लातेहार और खूंटी जिले के एसपी से रिपोर्ट मांगी है। सीआइडी के द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि वर्तमान फसलीय वर्ष 2024-2025 में अवैध अफीम की खेती से प्रभावित विभिन्न जिलों में विनष्टिकरण की कार्रवाई की जा रही है।

**डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे :** इस संबंध में एनसीबी के जोनल डायरेक्टर ने कहा है कि वह क्षेत्र जहां पूर्व में बड़ी मात्रा में अफीम की खेती की गयी हो अथवा वर्तमान में किये जाने की संभावना है, ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित कर उसकी विवरणी उपलब्ध करायी जाये। जानकारी के अनुसार सभी आठ जिलों के एसपी अफीम की खेती को नष्ट करने की रिपोर्ट सात जनवरी तक सीआइडी के आइजी को भेजेंगे। इसके बाद डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे।

## बाबानगरी देवघर पहुंचे पूर्व पीएम देवगौड़ा

### बासुकीनाथ मंदिर में भी टेका माथा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सोमवार को बाबानगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान भोलेनाथ से देश के बेहतर भविष्य की कामना की। पूजा के बाद वे दुमका स्थित बाबा बासुकीनाथ मंदिर गये और वहां भी माथा टेका। इधर, देवघर पहुंचने पर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। उम्र के कारण वे व्हीलचेयर



का सहारा लेकर मंदिर पहुंचे। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से देश के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की, लेकिन किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करने से इंकार कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए देवघर के डीसी विशाल सागर और एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग भी मौजूद रहे। उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किये गये थे। जिला प्रशासन की टीम ने उनकी सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा था। बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद, एचडी देवेगौड़ा रात्रि विश्राम देवघर में करेंगे। मंगलवार को वे वापस रवाना होंगे। गौरतलब है कि एचडी देवगौड़ा 1996 से 1997 तक देश के 11वें प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.9 °c | 10.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# मंईयां सम्मान समारोह : आशीर्वाद देने के लिए आपका आभार



आपने जो हमें सम्मान दिया है, उसके लिए कोटि कोटि **प्रणाम**





मंईयां सम्मान समारोह का उद्घाटन करते सीएम हेमंत सोरेन, सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय, संजय प्रसाद यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, राधाकृष्ण किशोर, महुआ माजी, जोबा मांझी और विधायक राजेश कच्छप।





महिलाओं से संवाद करते सीएम (बायें) और लाभुकों के साथ सेल्फी लेतीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन (दायें)।

महिलाओं का अभिवादन करते सीएम हेमंत सोरेन।

फोटो- प्रदीप ठाकुर

## मंत्री दीपिका पांडेय ने लगाया जनता दरबार

# अंचल-प्रखंड कार्यालय से लोग निराश: मंत्री

**अबुआ आवास की मांग के साथ साथ हुई बीडीओ-सीओ की शिकायत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस द्वारा शुरू की गयी पहल के तहत सोमवार को कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को सुना। इस संबंध में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री दीपिका के समक्ष 20 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण हेतु त्वरित और तीव्र गति से कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। कुल 20 मामलों में अबुआ आवास के तीन, जमीन संबंधित 6 मामले, सड़क-नाली के पांच, आपदा के तहत मुआवजा भुगतान के संबंध में एक तथा गुमशुदगी का एक तथा अन्य केस आये। इस क्रम में अब 7 जनवरी को 11:00 से 12:00 बजे तक कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी जन समस्याओं को सुनेंगे।

जनता दरबार के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यह सरकार आम लोगों के हित की सरकार है।




### मंईयां सम्मान योजना : महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी

**मंईयां सम्मान योजना के राशि वितरण पर उन्होंने कहा कि नये साल के तोहफे के तौर पर महिलाओं को महागठबंधन द्वारा चुनाव पूर्व घोषित 2500 की राशि आज बहनों के खाते में सीधे स्थानांतरित हुई हैं जो महिला स्वावलंबन की दिशा में उठा एक बड़ा कदम है। निश्चित रूप से इस राशि से राज्य की महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी।**

जनता दरबार में मुख्य शिकायत अंचल और प्रखंड ऑफिस की है। आसानी से और समय सीमा में होने वाली शिकायतों को अधिकारियों को अविलंब दूर करना चाहिए। जब कोई बड़ी योजना चलती है तो कुछ शिकायत आती है। अबुआ आवास बिल्कुल नयी योजना थी। शायद यही वजह है कि इसके कार्यान्वन में कुछ शिकायतें आती रही हैं जिसे दूर किया जा रहा है।

झारखंड सरकार के सर्वे के अनुसार अभी झारखंड में 24 लाख आवास की आवश्यकता है केंद्र सरकार के सर्वे के अनुसार 16 लाख आवास की आवश्यकता है। हमने मांग की है कि झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यक आवासों का आवंटन केंद्र सरकार करे। झारखंड सरकार द्वारा अभी 6.50 लाख आवास का आवंटन किया गया है जो बनने तथा आवंटन की प्रक्रिया में हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी झारखंड को सिर्फ 125000 आवास का आवंटन हुआ है जबकि आवश्यकता केंद्र के अनुसार 16 लाख आवास की है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष सारे तथ्यों को रखा गया है। हमने मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली 1,20,000 की राशि को 2 लाख किया जाये। अगर केंद्र सरकार जनता को छत मुहैया कराना चाहती है तो आवास की राशि तथा आवासों के आवंटन की संख्या बढ़ानी चाहिए।

## बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर साधा निशाना, कहा

# 450 रुपये में गैस सिलेंडर देना सिर्फ चुनावी जुमला था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि चुनाव के दौरान किये गये वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह गया। यह न केवल



जनादेश का अपमान है, बल्कि जनता के भरोसे का भी अपमान है। इंडी गठबंधन ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर और 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था।

उन्होंने कहा कि अब जब सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है, बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। साथ ही कहा कि जनता समझ चुकी है कि पांच लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिए एक प्रपंच था।

# 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलायेगी भाजपा : अमर बाउरी

**भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी**

**450 रुपये में गैस सिलेंडर घोषणा मामले पर कहा, कांग्रेस और जेएमएम का अपने वादे से मुकर जाना कोई नयी बात नहीं है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आम जनता तक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किये गये उनके साथ छल को लेकर जिला मंडल



तक आम जनता को जागरूक करने का काम भाजपा 11 जनवरी से 25 जनवरी तक करेगी। इस अभियान को भाजपा ने संविधान गौरव अभियान का नाम दिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही यह फल है कि आज राष्ट्रपति पद पर देश की एक आदिवासी महिला विराजमान हैं। वहीं चाय बेचने वाला एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहे हैं। भारत को महान बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी। संविधान निर्माण के समय की सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता को होनी चाहिए।


उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था लेकिन बाबा साहब देश के हर प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिये। कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी लेकिन बाबा साहब को इस उपाधि से वंचित रखा। वहीं मरणोपरांत उन्हें नयी दिल्ली में दो गज जमीन नसीब नहीं होने दी। बाबा साहब ने कश्मीर में धारा 370 का भी विरोध किया था। ऐसी कई घटनाएं हैं जो आम जनता के बीच जानी चाहिए। भाजपा ने बाबा साहब को अपने कार्यकाल में भारत रत्न देकर उन्हें सम्मान दिया है।






# खादी मेला में 20 हजार लोगों ने की खरीदारी, समापन आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के समापन समारोह के परिवर्तित तिथि के कारण रांची की जनता को एक दिन और महोत्सव घूमने का अवसर प्रदान हुआ 6 जनवरी के स्थान पर अब 7 जनवरी को अपराह्न 12:30 मंत्री, सांसद, विधायक आदि की उपस्थिति में राज्यपाल के द्वारा समापन किया जाना है। सोमवार को सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था सभी स्टालों में लोगों को खरीदारी करते हुए देखा गया। 20000 लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। फूड स्टॉल में भी लोगों की भारी भीड़ देखी गयी। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये बनारसी दल द्वारा हिंदी गायन एवं मेरी आवाज मेरी पहचान द्वारा नागपुरी हिंदी गायन की प्रस्तुति की गयी। समापन को लेकर खादी बोर्ड, उद्योग विभाग एवं ग्रामीण विभाग द्वारा विशेष तौर पर तैयारी की गयी है।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 को

रांची (आजाद सिपाही)। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी (11 जनवरी 2025) को मनायी जायेगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने संपूर्ण हिंदू समाज से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाने का आह्वान किया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा इस दिन अपने-अपने प्रखंडों के प्रमुख मंदिरों की साज सज्जा, सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, श्री रामलला की आरती, भजन कीर्तन, भोग वितरण तथा साथ ही कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर साधु संत एवं अन्य वक्ताओं द्वारा श्रीराममंदिर निर्माण की गाथा एवं 'श्रीराम और सामाजिक समरसता' का विषय रखा जायेगा। रांची महानगर में भी इस दृष्टि से रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी एवं अन्य कार्यकर्ता शहर के मठ मंदिरों के पूज्य महंत एवं अर्चक पुरोहितों से संपर्क कर रहे हैं।

# श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा- धाम मंदिर के उद्घाटन के दूसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर एवं शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा- कृष्ण का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजित चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन यजमान सुनीता अग्रवाल- राजू अग्रवाल एवं परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने बड़े प्रेम से श्रीमद्भागवत का पूजन और स्वामी सदानंद महाराज, टहल किशोर महाराज, स्वामी श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, मोहन प्रियाचार्य महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद्भागवत सार कृष्ण अमृत कथा, वाणी चर्चा, बीतक कथा की गयी। श्रीमद् भागवत की आरती की गयी।

कथा की अमृत वर्षा सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। श्री राधा- कृष्ण मंदिर में दूसरे दिन श्री कृष्ण कथा के व्यास पीठ पर विराजमान संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ चिंतन करें। भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि उद्धव जैसे ज्ञानी को भी कहना पड़ा है गोपियों तो धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों के इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है।

# ऊर्जा विभाग में सहायक अभियंता पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत

### झारखंड ऊर्जा विकास निगम के महानिदेशक को एक शिकायत पत्र दिया गया

सुनील सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम के मुख्यालय में पदस्थापित जयनंदन कुमार सिंह सहायक अभियंता द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अन्य नियम विरुद्ध कार्य करने के संबंध में विभाग के महानिदेशक को एक शिकायत पत्र दी गयी है। शिकायतकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता पिंटू कुमार ने कहा है कि विभाग में पदस्थापित जयनंदन कुमार सिंह संयुक्त रूप से अपनी पत्नी प्रमिला कुमारी के साथ मिलकर अकूत संपत्ति जमा किया है। कुमार ने अपनी शिकायत में सहायक अभियंता की पूरी संपत्ति का विवरण दिया है। इसमें रामगढ़ में बनखेता मौजा में ही दो प्लाट खरीदा है। इसके अलावा रामगढ़ के ही मरार में जमीन लिया है। इसके अलावा रांची के कांके एवं हातमा में भी 15 डिसमिल जमीन खरीदी है, और इसपर बहु मंजिला इमारत भी बनाया है। इस इमारत की लागत लगभग 2 करोड़ से अधिक होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जयनंदन कुमार सिंह निगम में सेवा देते हुए प्रायः प्रतिदिन रामगढ़ स्थित वनखेता मौजा के भूखंड पर चल रहे डेयरी फार्म में ही रहते हैं। यह वहां स्थित टोल प्लाजा के सीसीटीवी से तस्दीक से की जा सकती है। श्री सिंह अपने कार्य समय के दौरान बनखेता मौजा जो उनके कार्य क्षेत्र से करीब 40 किमी दूर है, किस पदाधिकारी के अनुमति से जाते हैं, ये भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि जयनंदन कुमार सिंह पर पूर्व में कई मारपीट के आपराधिक मामला भी दर्ज हुआ है। उन्होंने मांग किया कि जयनंदन कुमार सिंह अपने सेवाकाल के दौरान गलत तरीके से संपत्ति अर्जित किया है इसकी जांच कर नियम सम्मत कार्यवाही किया जाये।

## झारखंड में ठंड और कोहरे का डबल अटैक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। खासकर सुबह के समय कोहरा और कनकनी का सामना करना पड़ रहा है। इस मौसम में तापमान में गिरावट आने से शीतलहर का प्रभाव भी बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले एक सप्ताह में राज्य के तापमान में और गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी। बता दें कि झारखंड के सभी जिलों में औसतन न्यूनतम तापमान 13.06 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19.61 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इसके साथ ही आस्मान में बादल छाए रहने की संभावना भी जताई जा रही है। आने वाले एक सप्ताह में तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकता है। राज्य में ठंड के प्रभाव से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। शीतलहर के बढ़ने से विभिन्न इलाकों में ठंडी हवा का असर दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासकर वाहन चालकों को सुबह और शाम के समय में कोहरे के कारण सर्तक रहने की सलाह दी जा रही है। मौसम विभाग ने इसे लेकर कई जिलों में अलर्ट जारी किया है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विशेष मिलन समारोह

# कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए निकटवर्ती स्थान पर एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करना था। साथ ही, इस भ्रमण ने उन्हें सांस्कृतिक अनुभव और पर्यावरण के प्रति जागरूकता से जोड़ने का अवसर भी प्रदान किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया, जैसे मनोरंजक खेल और पूल पार्टी। इस दिन की सबसे विशेष गतिविधि थी पनाश-2025 नामक प्रतिभा पहचान प्रतियोगिता। इसमें विद्यार्थियों को मिस्टर और मिस अकोम्प्लिश्ड, मिस्टर और मिस टैलेंटेड, मिस्टर और मिस इनक्रेडिबल, मिस्टर और मिस स्पेक्टाक्युलर तथा मिस्टर और मिस रिमार्केबल जैसे खिताब दिये गये। इसके बाद डीजे और ओपन फ्लोर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया।

इस यात्रा ने विद्यार्थियों में सहयोग, समस्या समाधान एवं व्यक्तित्व विकास के कौशल को और मजबूत किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को एक-दूसरे से घुलने-मिलने और अपने कौशल को निखारने का अद्भुत अवसर प्रदान किया। यह मिलन समारोह बेहद सफल रहा और विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव बन गया।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में सावधानी और समझदारी से जीवन जीने की सलाह दी, क्योंकि यह उनके करियर और जीवन का महत्वपूर्ण दौर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने और सोच-समझकर निर्णय लेने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने ह्यपनाश-2025 में विभिन्न खिताब जीतने वाले विद्यार्थियों को बधाई भी दी।

# रांची में 10 से 15 फरवरी तक आयोजित होगी 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन इस बार रांची में होना है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। इस पुलिस ड्यूटी मीट में आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के खिलाफ कार्रवाई के तरीकों को साझा किया जायेगा, ताकि इन समस्याओं पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही की जा सके।

इस पुलिस ड्यूटी मीट में आंध्र प्रदेश, बिहार, बीएसएफ, छत्तीसगढ़, सीआरपीएफ, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आइटीबीपी, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरला, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, रेलवे सुरक्षा बल, एसएसबी, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के दल शामिल होंगे। इसमें लगभग 1500 पुलिस अधिकारी और कर्मियों के भाग लेने की संभावना है, जो देश के सभी राज्यों की पुलिस और अन्य संगठनों से संबंधित हैं।

### क्या है अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट एक वार्षिक आयोजन है, जहां देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल एक साथ आते हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों के बीच अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करना, नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी देना और अपराध से निपटने के लिए बेहतर रणनीतियां विकसित करना है।

# चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ी पंजाब रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ी पंजाब में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विश्वविद्यालय मैच में भाग लेने के लिए रवाना हो गये हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से 8 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे । राइफल शूटिंग इवेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ीः सचिन कुमार, फैक हसन, ऋषभ झा, सोनी कुमारी, पिस्टल शूटिंग इवेंट में भाग लेने वाली खिलाड़ीः स्नेहा कुमारी। ये सभी खिलाड़ी चतरा राइफल शूटिंग क्लब से हैं और कोच नितीश कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# रांची विवि से छात्रों की टीम युवा महोत्सव के लिए पश्चिम बंगाल रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सोमवार को रांची विश्वविद्यालय से छात्रों तथा टीम मैनेजरों की 48 सदस्यीय टीम पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय के लिए रवाना हुई। वहां यह टीम 8-12 जनवरी तक होने वाले इस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी युवा महोत्सव में भाग लेगी। कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने टीम के सभी छात्रों को अच्छे प्रदर्शन के लिए आशिर्वाद दिया तथा शिक्षकों और टीम मैनेजर्स को शुभकामनायें दी हैं।

रांची विश्वविद्यालय से चुने गये 42 बेहतरीन छात्र वहां 20 विभिन्न इवेंट्स में भाग लेंगे। इसमें एक इवेंट सांस्कृतिक परेड का भी है जिसमें आरयू के छात्र झारखंड की कला, गीत और संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। इन छात्रों को हाल ही में रांची विश्वविद्यालय में संपन्न हुये रीझ रंग 2024-25 युवा महोत्सव में उनके उम्दा प्रदर्शन और विजयी होने पर चुना गया है। 48 सदस्यों की टीम में 42 छात्रों के साथ ही छह शिक्षक व टीम मैनेजर हैं जिनमें सुजीत कुमार शर्मा, डॉ किशोर सुरीन, मनीष कुमार, डॉ जयमणि, बिपुल नायक और अन्य हैं। टीम को डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ बीके सिन्हा, डॉ स्मृति सिंह, डॉ विनोद कुमार महतो, सुमन कुमार महतो ने शुभकामनाएं दीं।

# खाटूनरेश का केशर-चंदन तिलक से श्रृंगार किया गया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081, सोमवार को खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। इस मौके पर यजमान के रूप में स्मृतिशेष सीताराम खेमका, स्मृतिशेष रामा देवी खेमका के पुत्र, पुत्रवधू, पौत्र, पौत्रवधू, प्रभात खेमका, सरिता खेमका, विक्रम खेमका, अंशु खेमका, सिद्धार्थ खेमका, अनिशा खेमका खाटूनरेश का नवीन पोशाक ( बागा) विशेष श्रृंगार, पंचमेवा भोग प्रसाद की सेवा अर्पित कर बाबा दरबार में मत्था टेका।

# शारदा फाउंडेशन ने कंबल बांटे




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधनी रांची में ठंड के प्रकोप से बचने के लिए शारदा फाउंडेशन ने कांके स्थित बुकरु ग्राम में जरुरतमंदों के बीच 500 से अधिक गर्म कंबल का वितरण किया। बुकरु ग्राम की महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गों ने इसका भरपूर फायदा उठाया एवं संस्था की सराहना भी की। संस्था के दीपक बंका ने लोगों को जितना हो सके ठंड से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों से लगातार यह संस्था ठंड के मौसम में बुकरु ग्रामीण क्षेत्र में जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रही है एवं आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर संस्था के दीपक बंका, शहदेव मुंडा, पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# नव वर्ष और मकर संक्रांति उत्सव समारोह 15 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हितकर एक सामाजिक संस्था के द्वारा 15 जनवरी को नववर्ष एवं मकर संक्रांति उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इसको लेकर एक बैठक समाज सेवी विनय सिन्हा दीपू की अध्यक्षता में स्थानीय स्काइलाइन बिल्डिग में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि कार्निवल हॉल में 15 जनवरी को नववर्ष एवं मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रांची सहित राज्य के गणमान्य व्यक्ति राजनीतिक सामाजिक लोग उपस्थित रहेंगे। निर्णय लिया गया कि विशाल सम्मेलन किया जायेगा। इस सम्मेलन को लेकर एक आयोजन समिति बनायी गयी। इसमें मुख्य रूप से अमरेंद्र सिंह, ज्योति सिन्हा मथारू, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर, गुलाम जावेद, संतोष मिश्रा, संतोष कुमार, धनंजय वर्मा उर्फ रिंकू, विनय कुमार सिन्हा, शम्स कमर लड्डन, अशरफ, दीपक कुमार सिंह, नवनीत उरांव, गोपाल उपाध्याय, नसीम पप्पू गद्दी, सरफराज, सुनील सिंह, मनिंदर कुमार सिंह, समीर, बेलाल खान, सर्वजीत झा, सोनू सिंह पापली ओझा शामिल है।

# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान सजाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सजाये गये दीवान की शुरुआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ द्वारा के जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ। शबद गायन से हुई।

इसके बाद गुरुद्वारा के रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने जिऊ पारब्रह्म चित आइया सो घर दय वसाइया। और तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो। शबद गायन किया।

गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने गुरमत विचार साझा करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी और उनके चार साहबजादों के बलिदान के बारे में साध संगत को विस्तार से बताया।



विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी जत्था भाई बलराज सिंह जी ने सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत और वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी, कलगियां वाले गोविंद सिंह जी जैसे शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रखे गये श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12 बजे हुआ। आरती साहिब जी का पाठ एवं बधाई का शबद भाई महिपाल सिंह जी द्वारा पढ़ा गया। श्री अनंद साहब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान के समाप्ति रात 1.30 बजे हुई। सत्संग सभा द्वारा रागी जत्था को गुरु घर का सरोपा ओढ़कर सम्मानित किया गया। दीवान समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया गया।

सोमवार के दीवान में सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, नरेश पपनेजा, मनोहर लाल मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरीश मिढ़ा, बसंत काठपाल, अश्विनी सुखीजा, ललित गखड़, रमेश गिरधर, नीरज गखड़, मोहन लाल अरोड़ा, भगवान थरेजा, राकेश गिरधर, राज कुमार सुखीजा, जितेश बेदी, भरत गाबा, प्रताप तलेजा, जितेंद्र मुंजाल, गौरव मिढ़ा, नंद किशोर मिढ़ा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, कमल अरोड़ा, रिक्की मिढ़ा, कमल धमीजा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, राकेश काठपाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, अंजू पपनेजा, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी मक्कड़, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, मंजीत कौर, ममता थरेजा, मनोहरी काठपाल, गूंज काठपाल, किरण अरोड़ा, पायल मल्होत्रा, रजनी तेहरी समेत अन्य शामिल थे।

### कोयला कारोबारी अनिल केशरी पर गोलीबारी मामले की जांच करने कुजू पहुंचे एसपी

# कारोबारियों को मिलेगी पूरी सुरक्षा अपराधियों पर लगेगी लगाम : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** कोयला कारोबारी अनिल केशरी पर हुए गोलीबारी मामले में सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार कुजू पहुंचे। जहां ट्रांसपोर्ट नगर कुजू स्थित अनिल केशरी के कार्यालय में हुए गोलीबारी घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल, प्रत्यक्षदर्शी, घटना से जुड़ी अन्य बिंदुओं का बारीक मुआयना करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को कई कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोयला कारोबारियों के हर संभव सुरक्षा की जायेगी। साथ ही, घटना में शामिल अपराध कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा जताया। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल पर मौजूद अनिल केसरी के सहयोगी संतोष केसरी से लेवी से जुड़े हुए मामले को लेकर पूछताछ की। एसपी अजय कुमार ने घटना का नामजद



आरोपी राहुल दुबे के कुजू स्थित घर पर कुर्की जब्ती करने एवं उसके पिता परमहंस दुबे के ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित ठिकाने को अविलंब ध्वस्त करने का फरमान सुनाया। मौके पर मौजूद कोयला कारोबारी प्रतिनिधियों द्वारा गश्त और सुरक्षा की मांग पर उन्होंने पुलिस की तरफ से हर संभव सुरक्षा प्रदान किये जाने की बात कहते हुए कारोबारी द्वारा अपने-अपने कार्यालय के आसपास सीसीटीवी कैमरा और लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करवाने पर जोर दिया। साथ ही, अपराधियों द्वारा किसी भी प्रकार की धमकी भरे कॉल या सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस देने की बात कही। इधर, एसपी के कड़े निर्देश के आलोक में कुजू पुलिस द्वारा मामले में राहुल दुबे को नामजद करते हुए अज्ञात चार पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मौके पर डीएसपी चंदन वत्स, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे। ज्ञात हो कि गत रविवार की शाम सवा सात बजे राहुल दुबे गैंग के अपराधियों द्वारा कुजू के मशहूर कोयला कारोबारी तपेश्वर केसरी के पुत्र अनिल केसरी पर रंगदारी की मांग को लेकर गोली चलायी गयी थी। जिसमें अनिल केशरी को जांघ में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल है। जिनका इलाज रांची स्थित मेडिका अस्पताल में चल रहा है। गोलीबारी की घटना से कोयलांचल कुजू के तकरीबन सभी कारोबारियों में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि नवंबर 2024 में इसी गैंग द्वारा सीसीएल तोपा कांटा घर में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें सुरक्षा कर्मी की जान बाल-बाल बची थी।

### तूफानी भोजपुर ढाबा को पुलिस ने कराया बंद

**एसपी के निर्देश के बाद ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित गैंगस्टर राहुल दुबे के पिता परमहंस दुबे के ठिकाने पर संचालित तूफानी भोजपुर ढाबा को कुजू पुलिस ने बंद करा दिया। ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि जांच पड़ताल के लिए संचालक को ढाबा बंद करने का निर्देश दिया गया है।**

# वादा निभाने के लिए हेमंत का आभार: आलोक दुबे


**झारखंड का 1.36 लाख करोड़ की राशि डकार कर बैठी केंद्र सरकार तुरंत जारी करे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ महासचिव आलोक कुमार दुबे ने झारखंड सरकार की 'मैया सम्मान योजना' के तहत राज्य की 56 लाख महिलाओं को 2500 हर माह की आर्थिक सहायता दिये जाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस योजना को महिलाओं के लिए राहत और सशक्तिकरण का एक सकारात्मक कदम बताते हुए हेमंत सरकार के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार को धन्यवाद दिया है।

### महंगाई के बीच राहत की पहल

आलोक कुमार दुबे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें तेल, दाल, गैस सिलेंडर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की महंगाई के कारण आम लोगों की जिंदगी कठिन हो गयी है। उन्होंने झारखंड सरकार की 'मैया सम्मान योजना' की



सराहना करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत लेकर आयी है और उनके परिवारों के आर्थिक प्रबंधन में मदद करेगी।

### महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर

दुबे ने कहा कि झारखंड सरकार ने यह दिखा दिया है कि वह अपने वादों को निभाने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा, जब केंद्र सरकार महंगाई बढ़ाने में व्यस्त है, तब झारखंड सरकार महिलाओं को आर्थिक संबल देकर उनकी ज़िंदगी बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। यह कदम राज्य की महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का प्रतीक है।

### सीइओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर पीवीयूएनएल की उपलब्धियों की जानकारी दी

# इसी माह शुरू होगा बिजली उत्पादन

**बिजली का 85 प्रतिशत झारखंड राज्य और 15 प्रतिशत केंद्र को दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** झारखंड बिजली वितरण निगम और एनटीपीसी की ज्वाइंट वेंचर कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड से जनवरी माह 2025 में ही 800 मेगावाट की पहली इकाई का बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया जायेगा। ट्रांसमिशन लाइन की समस्या का भी समाधान किया जा रहा है। ताकि उत्पादित बिजली को दूसरे स्थानो में भेजा जा सके। ट्रांसमिशन लाइन निर्माण का कार्य भी लगातार जारी है जो निर्धारित समय में पूरे कर लिये जायेंगे। इसके लिए ऊर्जा विभाग इस पर कार्य कर रही है। उसके बाद बिजली बेचने की प्रक्रिया को भी चालू कर दिया जायेगा। जिसकी तैयारी प्रबंधन द्वारा शुरू की जा रही है। ये बातें सोमवार को पीवीयुएनएल पतरातू के सुभाष चंद्र बोस हॉल में



आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीवीयूएनएल के सीइओ आर के सिंह ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने बताया कि पीवीयुएनएल पतरातू में बन रहे 4000 मेगावाट के पावर प्लांट का निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है यहां पर पहले दौर पर 800 मेगावाट की तीन यूनिट लगनी है जिसमें पहली यूनिट जनवरी माह 2025 में ही दूसरी और तीसरी यूनिट दिसंबर 2025 में कार्य पूरा कर लिया जायेगा और इन यूनिटों से बिजली का उत्पादन होने का लक्ष्य रखा गया है। बिजली का उत्पादन 85 प्रतिशत झारखंड राज्य और 15 प्रतिशत केंद्र को दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पीवीयूएनएल पतरातू पावर प्लांट के लिए कोयला बानाडीह लातेहार से आयेगा। सीइओ ने यह भी बताया कि पीवीयूएनएल द्वारा वेलफेयर के कार्य भी किया जा रहे हैं। जिसमें पीवीयूएनएल अंतर्गत पड़ने वाले गांवों में सामुदायिक विकास, एजुकेशन, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिटी सेंटर, स्कूल कॉलेज की बेसिक सुविधाएं, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, शिक्षा स्वास्थ्य, महिलाओं को सशक्तिकरण, स्किल डेवलपमेंट, विभिन्न गांव में महापुरुषों की प्रतिमा का निर्माण सहित कई योजना पर कार्य किये जा रहे हैं। इस मौक पर जीएम प्रोजेक्ट अनुपम मुखर्जी, जीएम ओएंडएम देवदीप बोस, जीएम मेंटेनेंस मनीष खेडापाल, एजीएम टीएस आलोक कुमार, सीएमओ संजय कुमार, सीएफओ नागेंद्र मिश्रा, डीजीएम माइनिंग जीवनेंदु महापात्र, राजेश डुंगडुंग, एचओएचआर जियाउर रहमान आदि मौजूद थे।

# उरीमारी पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को खोज निकाला



**उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल कर्मी बुधाई साव पिता स्व महेश साव रामगढ़ जिला पतरातू प्रखंड सीसीएल सौंदा क्लब घर स्थित निवासी बीते तीन जनवरी को ड्यूटी के दौरान उरीमारी परियोजना कार्यालय समीप आफिसर क्लब से लापता हो गये थे। जिसको लेकर परिवार के लोगों द्वारा उरीमारी ओपी में गुमशुदगी का आवेदन देकर ओपी प्रभारी रामकुमार राम से खोजबीन करने का आग्रह किया गया था। पुलिस के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद छह जनवरी दिन सोमवार को बड़कागांव जाने वाला मुख्य सड़क पोटंगा पंचायत के पसेरिया मोड़ से सही-सलामत बरामद कर लिया। वहीं उरीमारी पुलिस ने बुधाई साव को थाना में लाकर परिजनों को बुलाया और कागजी कार्रवाई पूरी कर उनके परिजनों को सौंप दिया। मौके पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम, एएसआई कृष्ण कुमार दुबे, रसिक किस्कू, सीताराम सिंह, संजय यादव, और परिजन मौजूद थे।**

# एआइपीए का दो दिवसीय अधिवेशन पुरी में संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन (एआइपीए) का दो दिवसीय अधिवेशन ओड़िशा के पुरी में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में देश भर के विभिन्न राज्यों के अभिभावक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें झारखंड से अजय राय और मनोज कुमार मिश्रा भी शामिल थे। अजय राय ने बताया कि अधिवेशन के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गयी और उन्हें पारित किया




गया। इन प्रस्तावों में शामिल थे एक राष्ट्र एक शिक्षा एक सिलेबस, आरटीइ का अनुपालन, निजी विद्यालयों पर नियंत्रण, फीस नियंत्रण, प्ले स्कूलों पर नियंत्रण, अल्पसंख्यक विद्यालयों में आरटीइ, कोचिंग सेंटरों पर नियंत्रण, शिक्षा न्यायाधिकरण, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कार्रवाई, निःशुल्क शिक्षा, आरटीइ के प्रावधानों का अनुपालन, विषय वार नियमित शिक्षकों की नियुक्ति, और शिक्षा के बजट में वृद्धि। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का 358वें जन्मदिवस मनाया गया। सर्व प्रथम गुरुद्वारा साहिब में हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह द्वारा पाठ किया गया। बताते चले कि दो दिन पूर्व गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ का आरंभ किया गया था। सोमवार की सुबह अखंड पाठ की समाप्ति हुई। दिल्ली से आये प्रसिद्ध रागी इंद्रजीत सिंह ने सबद कीर्तन किया। वही, प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर झंडा चौक, वैष्णो देवी गली होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। प्रभात फेरी खालसा क्रिकेट क्लब द्वारा की गयी। गुरुद्वारा साहिब में निशान



साहब का चोला बडला गया। जिसकी सेवा स्व करनैल सिंह सैनी के परिवार द्वारा की गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। इन्होंने बताया कि गुरुगोविंद सिंह ने किस तरह से अपने कॉम के लिए संघर्ष किये। गुरुगोविंद सिंह का जन्म स्थान पटना साहिब में है, जहां हर साल देश विदेश से श्रद्धालु शामिल होते है। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम के पश्चात गुरु का लंगर बांटा गया।

मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, जोगेंद्र सिंह जग्गी, नरेंद्र सिंह चमन, रघुवीर सिंह छाबड़ा, रमिंदर सिंह गांधी, मनदीप सिंह, गुरदीप सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इकबाल सिंह, बबल छाबड़ा, दलजीत सिंह किंगरा, यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जस्सल, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत उपस्थित थे।

# एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा का वन भोज कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नव वर्ष के अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची ने सोमवार को वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद और भूतपूर्व विधानसभा सचिव सह विधि सदस्य एवं झारखंड राज्य विद्युत निगम आयोग उपस्थित थे। न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन भोज जैसे कार्यक्रम आपसी सद्भाव और मेलजोल को बढ़ावा देता है। उन्होंने इसे समाज में एकता और प्रकृति के प्रति जुड़ाव




का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में एक्यूप्रेशर परिषद के सचिव डॉ. मधुसूदन पांडेय ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रकृति से जुड़ना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वन भोज एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए स्वच्छ और सुखद वातावरण में तन-मन को स्वच्छ रखा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. नरेश महतो, महेश प्रजापति, बलराम महतो, रुकमणी कुमारी और सरस्वती कुमारी को परिषद की ओर से सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा और समाजसेवी राजेश मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भाजपा टाटीसिलवे मंडल ने सोमवार को टाटी पश्चिमी पंचायत में सदस्यता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान की अध्यक्षता टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने अपने मोबाइल फोन से मिस कॉल कर-के भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाइक, मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, मंडल संयोजक गिरिधर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए प्रभुदयाल बड़ाइक ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक दल है, जो सरकारी योजनाओं और संगठन के कार्यों को धरातल स्तर पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि इसी के चलते भाजपा आज विश्वभर में नंबर एक पार्टी बन गयी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से पार्टी को नयी ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। इस सदस्यता अभियान के तहत भाजपा ने पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया, जिससे पार्टी के प्रति आम जनता में उत्साह और विश्वास बढ़ा।

# मां विघ्नहरणेश्वरी मंदिर में महाकाल की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से नववर्ष के पहले सोमवार को रामगढ़ जिला वासियों की सुख, समृद्धि और शांति के लिए महाकाल का पूजा किया गया। सोमवार को मेन रोड के सुभाष चौक के मां विघ्नहरणेश्वरी मंदिर परिसर में भगवान श्री महाकाल का भव्य दरबार सजाया गया। पुजारी संजयेंद्र गुरु ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुट्स को पूजा करायी। पूजन, रुद्राभिषेक के बाद महाआरती की गयी। महा आयोजन में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित होकर



महाकाल की पूजा की और लोकसभा वासियो के सुख समृद्धि की कामना की। महोत्सव में रामगढ़ जिला के उपायुक्त चंदन कुमार ने महाकाल का आशीर्वाद ले लोगो के बीच प्रसाद वितरण कर महाभंडारा का शुभारंभ किया। आयोजन में जिले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता के अलावा काफी संख्या महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं गायकों के भजनों पर शिव भक्त झूमे। संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुट्स ने कहा कि नववर्ष की शुरूआत महाकाल के साथ हो, और राष्ट्र, राज्य व रामगढ़ जिला की तरक्की और जिला वासियों की समृद्धि की कामना की गयी है।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान् प्रधान जज कुटुम्ब न्यायधिश कोडरमा ।
मूल भरण पोषण वाद नं0 79/2024
प्रियंका कुमारी ..............आवेदिका
बनाम
संतोष राम ........................विपक्षी
नोटिश
बनाम
(1) संतोष राम पिता श्री किशुन राम
निवासी ग्राम - गरजा सारण, थाना राजधनवार, जिला-गिरिडीह,
मो0 नं0 - 8434439686
वजरिये :-

इस अखबार प्रकाशन के माध्यम से आपको सुचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप प्रतिवादी है। उपरोक्त वाद आपकी उपस्थिति हेतु मेरे न्यायालय में लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक से आपको नोटिश भेजा जा चुका है इसके बावजुद आप उपस्थित नही हुए। पुनः बजरीये इस अखबार प्रकाशन से आपको पुनः सुचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वाद में दिनांक 06.01.2024 को समय 10:30 बजे स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करे। अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायगी। इसे सक्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 04.09.2024 को मेरे न्यायालय कि मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

प्रधान जज कुटुम्ब न्यायधिश
कोडरमा

# मंदिर में ड्रेस कोड को लेकर बने सहमति

केरल के मंदिरों में प्रवेश से जुड़े नियमों में सुधार का मसला एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। इस बार चर्चा उस ड्रेस कोड को लेकर है जिसके मुताबिक कुछ मंदिरों में प्रवेश करते हुए पुरुष श्रद्धालुओं को बदन का ऊपरी हिस्सा निर्वस्त्र रखना पड़ता है। विवाद शिवगिरी मठ के प्रमुख सच्चिदानंद स्वामी के उस बयान के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने इस प्रथा को जातिवाद का अवशेष बताते हुए इसे बंद करने का आह्वान किया। इसके बाद ही दोनों तरफ से धुआंधार बयानबाजी शुरू हो गयी। जहां स्वामी के समर्थकों का कहना है कि इस प्रथा के पीछे गैरब्राह्मण श्रद्धालुओं को मंदिर से बाहर रखने की मंशा छिपी है, वहीं नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) जैसे संगठनों की दलील है कि मंदिर की परंपरा के साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। मिलता-जुलता सा एक विवाद 1982 में गुरुवायूर मंदिर परिसर में ब्राह्मण ऊट्टू (ब्रह्मभोज) के दौरान हुआ था, जब अपना ऊपरी बदन बगैर कपड़ों के रखने से इनकार कर रहे एक व्यक्ति के साथ भोजन परोस रहे लोगों ने मारपीट कर दी। उनके मुताबिक यह जानना जरूरी था कि वह व्यक्ति पांत में बैठे जनेऊधारियों की तरह ब्राह्मण है या नहीं। मंदिर की उस प्रथा को चुनौती देने वाले वह व्यक्ति थे स्वामी आनंदतीर्थन जो प्रसिद्ध समाज सुधारक श्रीनारायण गुरु के शिष्य थे और जातिगत भेदभाव के खिलाफ अपने अभियानों के लिए जाने जाते थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री के करुणाकरण ने उस मामले में तत्काल हस्तक्षेप किया। उसी स्थान पर एक भोज आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री समेत सभी समाज के लोग शामिल हुए। उसके बाद ब्राह्मण भोजन की वह परंपरा बंद हो गई। इस बार मौजूदा मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी सच्चिदानंद स्वामी की अपील का समर्थन किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि कोई भी बदलाव सर्वसम्मति बनाकर ही किया जाना चाहिए। बात सही भी है। आम सहमति के बगैर किया गया बदलाव स्थायी नहीं होता।

**विवाद शिवगिरी मठ के प्रमुख सच्चिदानंद स्वामी के उस बयान के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने इस प्रथा को जातिवाद का अवशेष बताते हुए इसे बंद करने का आह्वान किया। इसके बाद ही दोनों तरफ से धुआंधार बयानबाजी शुरू हो गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय ज्ञान प्रणाली के स्वर्णिम इतिहास का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि प्राचीन समय में इस परंपरा का अभीष्ट उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति करते हुए विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उसे समाजोपयोगी एवं मोक्षगामी बनाना था। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रज्ञा का प्रतीक है, जिसमें ज्ञान एवं विज्ञान, लौकिक एवं पर-लौकिक, कर्म एवं धर्म तथा भोग व त्याग का अद्भुत समन्वय रहा है। इस प्रकार प्राचीन समय से ही शिक्षा के प्रति भारतीय ज्ञान परंपरा का दृष्टिकोण अत्यंत व्यापक एवं सूक्ष्म रहा है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-अध्यापन में विशेष बल दिया गया है।**

# भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020



**प्रो. तपन कुमार शांडिल्य**




भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत का मूल आधार ही भारतीय ज्ञान परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा भारतवर्ष में प्राचीन काल से चली आ रही शिक्षा प्रणाली है। इसके अंतर्गत वेद, वेदांग, उपनिषद, श्रुति, स्मृति से लेकर विभिन्न प्रकार के दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, नाट्यशास्त्र, प्रबंधन एवं विज्ञान विद्याशाखा इत्यादि के अथाह ज्ञान भंडार हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत शिक्षा को विद्या, ज्ञान, दर्शन, प्रबोध, प्रज्ञा, वागीशा एवं भारती इत्यादि शब्दों से परिभाषित किया गया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली के स्वर्णिम इतिहास का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि प्राचीन समय में इस परंपरा का अभीष्ट उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति करते हुए विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उसे समाजोपयोगी एवं मोक्षगामी बनाना था। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रज्ञा का प्रतीक है, जिसमें ज्ञान एवं विज्ञान, लौकिक एवं पर-लौकिक, कर्म एवं धर्म तथा भोग व त्याग का अद्भुत समन्वय रहा है। इस प्रकार प्राचीन समय से ही शिक्षा के प्रति भारतीय ज्ञान परंपरा का दृष्टिकोण अत्यंत व्यापक एवं सूक्ष्म रहा है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-अध्यापन में विशेष बल दिया गया है।

**प्राचीन गौरवमयी भारतीय ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाली है।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव करती है, ताकि इसका इक्कीसवीं सदी की शिक्षा के आकांक्षात्मक लक्ष्यों के साथ मेल तो बिठाया ही जा सके, साथ ही इसे प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों की विरासत की नींव पर समृद्ध भी बनाया जा सके। शिक्षा नीति कहती है कि दुनिया के विभिन्न विकसित देशों के अनुभवों से यह स्पष्ट हो चुका है कि अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं में सुशिक्षित होने से हानि नहीं, बल्कि शैक्षिक, सामाजिक और तकनीकी उन्नति के लिए लाभ ही मिला है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भारत के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे, सफल, मौलिक सोच वाले, परिस्थिति अनुकूल और रचनाशील व्यक्ति बनने के लिए जिन मुख्य विषयों, कौशलों व क्षमताओं को आवश्यक माना है, उसमें भारत का ज्ञान एक मुख्य विषय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारत के ज्ञान को परिभाषित करते हुए कहती है कि भारत के ज्ञान में प्राचीन भारत से प्राप्त ज्ञान और आधुनिक भारत और इसकी सफलताओं और चुनौतियों में इसके योगदान के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि के संबंध में भारत की भविष्य की आकांक्षाओं का एक स्पष्ट भाव शामिल होगा। (राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पृ. 24)

प्राचीन गौरवमयी भारतीय ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाली है। प्राचीन भारतीय कला के साक्ष्य चारों वेदों, वेदांग, उपनिषद, श्रुति, स्मृति से लेकर रामायण एवं श्रीमदभगवद् गीता में विद्यमान हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा जो वैदिक एवं उपनिषद काल में थी, वह बौद्ध एवं जैन काल में भी रही। इसके अंतर्गत महान गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से अनेकों वर्षों तक अर्जित ज्ञान को आत्मसात व विश्लेषित कर नये ज्ञान को संश्लेषित किया गया। प्राचीन काल की ज्ञान प्रणाली, परंपराएं एवं प्रथाएं मानवता को प्रोत्साहित करती थीं। आधुनिक युग में प्रचलित भारतीय ज्ञान एवं विदेशों से आ रहीं तथा-कथित नवीन खोज जो हमारे ग्रंथों में पूर्व से ही उल्लिखित हैं, वह सब भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्धशाली होने प्रमाण है।

इस प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली वर्तमान परिदृश्य में और भी अधिक प्रासंगिक है, जो व्यक्ति को कर्तव्य-बोध, कर्तव्य परायणता, स्थिरता एवं तनाव प्रबंधन इत्यादि के समायोजन हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ विविध ज्ञान-विज्ञान, लौकिक एवं पारलौकिक रहस्यों को समझने के लिए परिशुद्ध अनुदेशन का कार्य करती है। इसमें निहित वेद एवं उपनिषद, दर्शन एवं प्रबंधन, ज्ञान एवं विज्ञान, धर्म एवं कर्म तथा योग एवं अर्थ से संबंधित विशाल ज्ञान भंडार का अनुप्रयोग विश्व कल्याण एवं मानवता के उद्धार हेतु किया जा सकता है। अतः अब समय है कि भारतवर्ष के वर्तमान अमृत काल में भारत द्वारा विश्व को दिये गये ज्ञान का संवर्धन किया जाये तथा भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक को भारत की मूल संस्कृति एवं प्राप्त ज्ञान से जोड़ा जाये।

भारत हजारों वर्षों से एक विकसित सभ्यता और संस्कृति का देश रहा है, जिसने गणित, खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान और शल्य चिकित्सा, सिविल इंजीनियरिंग, वास्तुकला, जहाज निर्माण, योग, ललित कला, शतरंज आदि क्षेत्रों में विश्व ज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने प्राचीन भारत के कुछ विश्व-स्तरीय संस्थानों जैसे तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा है कि ये विश्वविद्यालय बहु-विषयी शिक्षण और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध थे और यहां सभी पृष्ठभूमियों और देशों के विद्वान और छात्र आते थे। इसके साथ ही शिक्षा नीति ने विभिन्न भारतीय विद्वानों जैसे चरक, सुश्रुत, आर्यभट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त, चाणक्य, चक्रपाणि दत्त, माधव, पाणिनि, पतंजलि, नागार्जुन, गौतम, पिंगला, शंकरदेव, मैत्रेयी आदि के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट योगदानों की बात करते हुए भारतीय संस्कृति और दर्शन द्वारा दुनिया को प्रभावित करने की बात कही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विश्व धरोहरों की इन समृद्ध भारतीय विरासतों को न केवल पोषित और संरक्षित करने की बात करती है, बल्कि इस ज्ञान को हमारी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शोध, संवर्धन और नये उपयोगों के लिए भी प्रयोग में लाये जाने की पुरजोर वकालत करती है। हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा ने व्यक्ति के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया है तथा शिक्षा का स्वरूप व्यावहारिकता को प्राप्त करने योग्य जीवन के लिए सहायक है। संपूर्ण वैदिक वाङ्मय- रामायण, महाभारत, पुराण स्मृति ग्रंथ, दर्शन, धर्म ग्रंथ, काव्य, नाटक, व्याकरण तथा ज्योतिष शास्त्र संस्कृत भाषा में ही उपलब्ध होकर इनकी महिमा को बढ़ाते हैं, जो भारतीय सभ्यता, संस्कृति की रक्षा करने में पूर्णतः सिद्ध होती है। सुसंस्कृत ज्ञान से ही संस्कारवान समाज का निर्माण होता है।

वर्ष 2022-2023 के बजट में भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन, संवर्धन एवं अनवेक्षण के लिए निर्धारित राशि बढ़ा कर 20 करोड़ कर दी गयी थी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 15 लाख अध्यापकों को भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रशिक्षण भी देगा। विश्वविद्यालय के स्तर पर आयोग ने वर्तमान में एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी आरंभ किया है। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों यथा स्वयं पोर्टल, स्वयंप्रभा, ई-दीक्षा, ज्ञानदर्शन इत्यादि के साथ-साथ मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से भी इसके प्रचार-प्रसार का प्रावधान इसमें किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि भारत को बहुमुखी प्रतिभा वाले योग्य एवं कुशल विद्यार्थियों के निर्माण के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा को वापस लाने की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थियों को उनकी आरंभिक अवस्था से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ नैतिक एवं चारित्रिक गुणों से युक्त किया जा सके।


**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# इंडिया गेट का नाम भारत माता द्वार करने की मांग

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने मोदी को चिट्ठी लिखी, कहा- ये शहीदों को श्रद्धांजलि होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने इंडिया गेट का नाम बदल कर भारत माता द्वार करने की मांग की है। जमाल ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक चिट्ठी लिखी, जिसमें कहा है कि नाम बदलना देश के 10 हजार शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जमाल ने कहा, 'आपने क्रूर मुगल के नाम पर बनी औरंगजेब रोड का नाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया। इंडिया गेट पर लगी जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटा कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगायी। राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करवाया। उसी तरह इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करवायें।'

**पहले विश्वयुद्ध में शहीद भारतीयों की याद में बना इंडिया गेट :** इंडिया गेट राजधानी दिल्ली में बना वॉर मेमोरियल है। इसे प्रथम विश्व युद्ध और अफगान युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया था। 1914-1921 के दौरान हुए पहले विश्व युद्ध और तीसरे अफगान युद्ध में 70 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इंडिया गेट पर 13 हजार 516 सैनिकों के नाम उकेरे हुए हैं। उनमें से कई ब्रिटिश भारत के सैनिक थे।

इंडिया गेट 1921 में बनना शुरू हुआ था और 1931 में पूरा हुआ। इसे ब्रिटिश आर्किटेक्ट सर एडविन लुटियंस ने डिजाइन किया था। इंडिया गेट की ऊंचाई 42 मीटर है। इसे लाल और हल्के पीले बलुआ पत्थरों से बनाया गया है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति को जोड़ा गया। यह एक अनंत जलती रहने वाली ज्योति है, जो गुमनाम सैनिकों की स्मृति में जलती रहती है। इसके ऊपरी हिस्से में क्ठउक्रअ लिखा हुआ है और उसके नीचे शिलालेख है, जिसमें शहीद सैनिकों के बलिदान के बारे में लिखा है। इंडिया गेट भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद के बलिदानों का प्रतीक है। 2019 में इंडिया गेट के पास सशस्त्र बलों के शहीदों के सम्मान में एक नया नेशनल मेमोरियल बनाया गया है।

# चिश्ती नगर कश्मीरी गेट में मिला एक और मंदिर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** रामगढ़ क्षेत्र स्थित मुस्लिम बस्ती चिश्ती नगर कश्मीरी गेट में सोमवार दोपहर एक और मंदिर का ढांचा मिला। चूने से बने मंदिर ढांचा के करीब 100 वर्ष पुराना होने का अनुमान है। यह 50 वर्ष से बंद है। इसकी जानकारी पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी- कार्यकर्ता थाना रामगढ़ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। गुंबद के नीचे कार्यकर्ता खोदाई कर रहे हैं।

बजरंग दल के महानगर सुरक्षा प्रमुख सत्यम शर्मा को दोपहर दो बजे कुछ कार्यकताओं ने चिश्ती नगर कश्मीरी गेट स्थित मोहम्मदी मस्जिद से 100 मीटर की दूरी पर गली में मंदिर का ढांचा होने की जानकारी दी थी। सत्यम से इसकी जानकारी पर विहिप के अध्यक्ष राजीव शर्मा और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी- कार्यकर्ता थाना रामगढ़ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर करीब 350 वर्ग फुट खाली जगह पर मंदिर का गुंबद मिला। आसपास के लोग खाली जगह पर कूड़ा डालते थे। इसके बाद दो फावड़े मंगा कर गुंबद के नीचे खोदाई कार्यकर्ताओं ने शुरू की। पड़ोस में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग शमीउद्दीन ने बताया कि छोटे लाल, डोरी लाल और उनके चार भाइयों की 20 बीघा जमीन यहां थी। वर्ष 1979 में चारों भाईयों ने कुछ जमीन की प्लाटिंग स्वयं करके बेच दी तो कुछ प्रापर्टी डीलरों को बेच दी थी। बाद में वे मंदिर में रखी मूर्तियों को गाजे-बाजे के साथ यहां से ले गये। वर्तमान में चारों लोग न्यू रामगढ़ क्षेत्र में रह रहे हैं।

मंदिर वर्ष 1979 से भी काफी पुराना है। इस बीच थाना रामगढ़ पुलिस के वर्ष 1982 का बैनामा हाथ लगा है जिसे ठाकुर दास ने किसी रुखसाना बेगम को बेचा था। खोदाई की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी थी।

वहीं एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि रामगढ़ क्षेत्र में प्राचीन मंदिर मिलने की जानकारी मिली है। दोनों समुदायों के लोग वहां सफाई कार्य कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर कोई परेशानी नहीं है।

**कई दशक बाद भी नहीं बदला गली का नाम :** जिस जगह मंदिर का ढांचा मिला है, उसके आसपास मुस्लिम समुदाय के दर्जनों परिवार रहते हैं। केवल संबंधित गली में ही दो दर्जन से अधिक लोगों के घर हैं। परंतु इस गली का नाम अब भी मंदिर वाली गली ही है।

**एलआइयू ने नहीं दी पुलिस प्रशासन को जानकारी :** हैरानी की बात यह कि संबंधित जगह पर रामगढ़ पुलिस और एलआइयू दोपहर 3.30 बजे ही पहुंच गयी थी, हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने फावड़े से खोदाई शुरू कर दी थी, लेकिन एसएसपी को शाम 5.30 बजे तक इस बड़े मामले की जानकारी एलआइयू ने नहीं दी।

**बेंगलुरु इंजीनियर सुसाइड केस में पत्नी के खिलाफ एफआइआर खारिज नहीं**

# कर्नाटक हाइकोर्ट ने पूछा - जांच क्यों नहीं चाहतीं आत्महत्या के लिए उकसाने की सारी डिटेल्स मौजूद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में अकइंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड केस में कर्नाटक हाइकोर्ट ने सोमवार को पत्नी निकिता सिंघानिया की याचिका खारिज कर दी। निकिता के वकील ने कहा था कि शिकायत में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो ये बताता हो कि निकिता अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने में शामिल थी।

निकिता के वकील की इस दलील पर जस्टिस एसआर खन्ना ने एफआइआर खारिज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में गड़बड़ी वाली जांच का सवाल ही नहीं उठता है। आप (निकिता) जांच क्यों नहीं चाहती हैं? दरअसल, 9 दिसंबर 2024 को अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में अपने फ्लैट में सुसाइड किया था। सुसाइड से पहले अतुल ने 1 घंटे 20 मिनट का वीडियो बनाया था। इस वायरल वीडियो में अतुल ने अपनी पत्नी निकिता पर गंभीर आरोप लगाये थे। अतुल ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था।

अतुल के परिवार ने निकिता सिंघानिया और उसके परिवार पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए थे। निकिता, उसकी मां, भाई और चाचा पर एफआइआर दर्ज की गयी है। चार जनवरी को ही निकिता, उसकी मां, भाई को जमानत दी गयी। चाचा पहले ही जमानत पर हैं।

**जस्टिस का सवाल - एफआइआर देखिए और क्या जानकारी चाहिए :** जस्टिस खन्ना ने कहा, 'आप यह कह रही हैं कि शिकायत में ऐसा कुछ भी नहीं जो बताता हो कि आत्महत्या के लिए उकसाया गया? विस्तृत जानकारी दी गई है, सबकुछ दिया गया है। एफआइआर देखिए, शिकायत देखिए, ऐसा क्या है, जो इसमें नहीं है।आत्महत्या के लिए उकसाने के इस मामले के लिए सभी जानकारी तो दी गयी है। और जानकारियां भी सामने आ रही हैं। इसके अलावा और क्या जानकारी दी जानी चाहिए। इसके अलावा मैं और क्या देखूं?'

# सीबीआइ के भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में सीबीआइ द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनायेगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी।

भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नयी दिल्ली) के रूप में सीबीआइ, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आइएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआइ, आइएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए, सीबीआइ ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा।

भारतपोल पोर्टल, इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों की प्रक्रिया को सरल बनायेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। भारतपोल पोर्टल, क्षेत्र-स्तरीय पुलिस अधिकारियों के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बन जाएगा, जिससे अपराधों और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में उनकी दक्षता बढ़ेगी।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट का दो विधायकों ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड स्टेट बैंक के पीछे गढ़ परिसर में नया सवेरा नया उजाला सीजन 3 के तहत भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काट कर भव्य उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात दोनों विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मझिआंव बनाम विश्रामपुर के बीच मैच खेला गया, जिसमें मझिआंव की टीम ने कड़ी मुकाबला में बिश्रामपुर टीम को पराजित किया। वहीं विश्रामपुर और डाल्टनगंज के बीच एक ही दिन दो सेट मैच खेला गया, जिसमें डालटेनगंज की टीम ने विश्रामपुर को दोनों बार पराजित किया। मौके पर बैडमिंटन टूर्नामेंट में श्री श्री 108 श्री राधा कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, नीरज कमलापुरी, अनिल कमलापुरी तथा सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे। वहीं बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंपायरिंग वीरेंद्र कुमार, पप्पू खलीफा, गोपाल सोनी रिंकू तिवारी तथा मंच के संचालन अशोक कमलापुरी ने किया।

# विस्थापित संघर्ष समिति का कटिंग के विरोध में 15वें दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी

## जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में, सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शनकारी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। धरना स्थल पर 15वें दिन जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा भी पहुंची और उन्होंने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया। रजनी शर्मा ने कहा, आपकी मांगे पूरी तरह से जायज हैं और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी कीमत पर सेल के क्रेशर प्लांट की नीलामी के बाद होने वाली कटिंग नहीं होने



दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष को कानूनी और सामाजिक रूप से पूरा समर्थन मिलेगा और श्रमिकों के हक की लड़ाई जारी रहेगा। विस्थापित संघर्ष समिति का कहना है कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो उनका संघर्ष और भी तेज किया जायेगा। धरने के दौरान प्रदर्शनकारी ठंड को नजरअंदाज करते हुए अपनी आवाज उठा रहे हैं और आश्वासन पा रहे हैं कि उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जायेगा। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, राजकुमार राउत, राजमोहन यादव, शमशेर अंसारी, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह शंभू राम, शनीचर अगरिया, रीना देवी, सोनी देवी, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अंजू देवी, गीत देवी, कौशल्या देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# सगमा: कटहर कला तथा सगमा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच 200 कंबल का वितरण



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कटहर कला तथा सगमा पंचायत में 200 कंबल का वितरण उक्त कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित किया गया था। कटहर कला पंचायत भवन में मुखिया कलावती देवी के द्वारा जरूरत मंद 100 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुखिया कलावती देवी ने सरकार से अतिरिक्त कंबल की मांग करते हुए कहा कि इतना कंबल तो ऊंट के मुंह में जीरा के समान हो गया। कंबल वितरण के नाम पर पंचायत भवन पहुंचे दर्जनों गरीबों को वापस जाना पड़ा, इसे देखकर मुझे अपर दुख हो रहा है। मैं अपनी ओर से उपायुक्त महोदय से आग्रह करती हूं कि मेरा पंचायत में गरीब आदिवासियों की संख्या सबसे अधिक है, इसे देखते हुए जिला प्रशासन से आग्रह है की कम से कम 500 सौ कंबल देने की कृपा किया जाए। इस मौके पर उप प्रमुख अर्जुन पासवान, पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जयगोपाल यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, देवचंद यादव, सहित काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में डेढ़ सौ कंबल का वितरण

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर पंचायत सचिवालय में लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया बेबी देवी, प्रमुख शोभा देवी जिला पार्षद रंजनी शर्मा और उपमुखिया समलेश राउत संयुक्त रूप से भवनाथपुर पंचायत के विभिन्न वार्डो में निवास करने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर तबका के महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया बेबी देवी ने कहा कि पड़ रही कड़ाके की ठंड और चल रही शीतलहर से गरीब असहायों को बचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार से प्राप्त कम्बल का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, वार्ड सदस्य सुंदर देवी, रानी देवी, रीना बारी सहित पंचायत के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भंडरिया में कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया (गढवा)।** डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने सोमवार को चुनाव जीतने के बाद पहली बार भंडरिया का दौरा किया तथा कार्यकर्ताओं से रुबरु हुए। विधायक आलोक कुमार चौरसिया सर्वप्रथम अंडा महुआ स्थित नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना माथा टेकर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत वे विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह के मां की श्राद्ध कर्म में शामिल हुए, साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान की जानकारी भी ली। झारखंड भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष बकुल बालमुकुंद सहाय भी भंडरिया पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर



सदस्यता अभियान की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। बालमुकुंद सहाय ने कहा कि प्रदेश भाजपा का सदस्यता अभियान शक्ति केंद्र स्तर तक चलाया जा रहा है। इसबार ऑनलाइन तरीके से भाजपा ने सदस्य बना रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे कार्यकर्ता जो ऑनलाइन 50 से अधिक सदस्य बनाते हैं, वे ही संगठन के प्रभारी में चयनित हो सकते हैं। मौके पर भीषम चौरसिया भंडरिया चुनाव प्रभारी रामक्रेश चौरसिया, रुपनिरंजन सिन्हा, विजय केशरी, सुशील सिन्हा, विनोद गुप्ता, शंकर सिंह, अनिल केशरी, सुमित गोस्वामी, अखलेश बैठा, मदन केशरी, रुपेश बैठा, प्रेम ठाकुर, दिलीप तमौली सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मझिआंव : पीसीसी पथ बनाकर बंद किया गया पानी का निकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत के संवेदक द्वारा चंद्री के सोरहबिगहवा टोले पर मुख्य पथ सुरेश मेहता के घर से प्रेम शंकर शर्मा के घर तक बिना नाली बनाये ही पीसीसी पथ बनाकर घर का पानी निकासी बंद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में राम परीखा मेहता उर्फ रामसरेस मेहता द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर मामले की जानकारी दी। दिये गये पत्र में कहा गया है कि उन्होंने 29 नवंबर 2024 को लिखित आवेदन देकर पीसीसी पथ से पहले नाली बनवाने की मांग की थी, लेकिन आवेदन देने के 10 दिन बाद ही ठेकेदार द्वारा जबरन पीसीसी पथ बना दिया गया। जबकि आवेदन देते समय कार्यपालक पदाधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया था की नाली बनाने के बाद ही पीसीसी पथ बनेगा। श्री मेहता ने



पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे घर के पानी का निकास पच्छिम सड़क पर था और पीसीसी पथ बनने के बाद घर का पानी निकासी तरह से निकासी बंद हो गया है, और वर्तमान में मुख्य पथ घर से लगभग दो फिट ऊंचा हो गया है जिससे वर्षा होने पर मुख्य पथ का पानी अब नाली के माध्यम से मेरे घर में प्रवेश कर सकता है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्य पथ में नाली नहीं होने के कारण वह अपने घर का पानी मुख्य पथ में भी नहीं निकाल सकते। अगर मुख्य पथ पर नाली बनाया गया होता, तो घर के पानी का निकास उसमें हो सकता था, लेकिन अब उनके घर के नाली का पानी निकासी पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे हमारे पूरे परिवार के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से तत्काल इस समस्या के निराकरण की मांग की गयी है। इधर इस संबंध में पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पथ निर्माण विभाग को पत्र भेजकर मुख्य पथ पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर विकास विभाग द्वारा नाली मद की राशि नही भेजी गयी है। राशि आते ही नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जायेगी।

# सूर्या क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट से मैच जीता




गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का ग्यारहवां मैच डार्क ब्ल्यू क्रिकेट क्लब तथा सूर्य क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए डार्क ब्ल्यू क्रिकेट क्लब ने 216 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें अरमान खान ने 59 रन और अनुमन्य कृष्ण ने 58 रनों का योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सूर्या क्रिकेट क्लब की टीम ने 216 रन बना कर मैच को पांच विकेट से जीत लिया। सूर्या की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए तरुण गौरव ने सर्वाधिक 102 रन बनाए। सूर्या की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अंकित, दीपू ने 3- 3 विकेट लिये। मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तरुण गौरव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# चुतरू मुखिया ने कंबल का किया वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के मुखिया खालिद अंसारी ने ठंड के बढ़ते ठिठुरन से बचाव के लिए गरीब असहाय बृद्ध महिला-पुरुष के बीच सोमवार को कंबल वितरण किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण



रमना (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वाधान में पिछले तीन दिनों से लगातार गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी नेता मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कड़कड़ाती ठंडा को देखते हुए पार्टी द्वारा निर्देशानुसार कंबल का वितरण किया जा रहा है। कहा कि इसके पूर्व में लोगों को सेवा भावना के तहत खाद्य सामग्री पीड़ित परिवार को दिया गया है। युवा नेता रोहित वर्मा ने कहा कि कपकपाती कड़ाके के ठंड में गरीब असहाय का कंबल मिलने से बड़े बुजुर्गों को राहत मिलेंगी। मौके पर मुन्ना पासवान, संदीप कुमार, राजीव कुमार, राकेश विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक ने देव वृक्ष पीपल लगाया



मझिआंव (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बृजबिहारी पांडेय सोमवार को अपने पैतृक आवास दलको पहुंचे, और गांव के उत्तर में स्थित ध्वस्त हो चुके प्राचीन देवबृक्ष पीपल के स्थान पर नया पीपल का पौधा लगाया। कहा कि यह देवबृक्ष जैसे-जैसे बढ़ेगा वैसे-वैसे मेरे गांव का भी विकास होगा। श्री पांडेय ने कहा कि वे भले ही राज्य की राजधानी रांची में रहते हों, लेकिन उनका दिल गांव में ही बसता है। यहां की मिट्टी में वे खेलकर पले बढ़े हैं, इसलिये यहां के बच्चे बूढ़े सभी अति प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि गांव का ऐतिहासिक देवबृक्ष गिर गया था, इसलिए एक नया पीपल का पौधा लगाया गया है और निजी खर्च से ब्रह्म बाबा के चबूतरे का निर्माण कराया। मौके पर द्वारिका नाथ पांडेय, योगेश्वर पांडेय, ललित शर्मा, कामाख्या नारायण पांडेय, धर्मराज तिवारी, मारकंडे पांडेय उपस्थित थे।


# रामा साहू और बीपीडीएवी स्कूल सेमीफाइनल में

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 21वे दिन रामा साहू की टीम ने आर के पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से बीपीडीएवी ने जवाहर नवोदय को 17 रन से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेश किया। बीपीडीएवी की और से प्रत्यूष ने तीन विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामा साहू के कार्तिक और बीपीडीएवी के प्रत्युष को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुधीर पाठक, पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, चंदन कश्यप, विनय पांडेय, आशुतोष रंजन, रजनीश ठाकुर, सोनू ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा सह सचिव प्रिंस सोनी कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय आदि अन्य थे

# खुद को सुरक्षा के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें: थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई पुलिस के द्वारा रविवार को डंडई मेराल धुरकी मुख्य पथ के साथ-साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देश चलाये गये अभियान के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों की ओर से दो पहिया वाहनों की बारीकी से जांच पड़ताल किया गया। थाना के एएसआई मुरारी पासवान के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम और सड़क



सुरक्षा को लेकर डंडई-मेराल मुख्य पथ के क्रेशर प्लांट पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को बारी बारी रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात और डिक्की खुलवा कर जांच कीया गया। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को जहां पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कड़ी फटकार लगायी गयी। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और जूता जरूर पहनने। उन्होंने कहा कि हमारी एक असावधानी से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कहा, जिंदगी अनमोल है, इसे थोड़ी सी असावधानी करके सड़क दुर्घटना में अपनी जान न गवायें।

# सरस्वती विद्या मंदिर में दशम सिख गुरु गोविंद सिंह जयंती मनायी गयी



श्री वंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में दशम सिक्ख गुरु- गुरु गोविंद सिंह जयंती का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य अशोक कुमार द्वारा भारत माता, ॐ, मां शारदे एवं गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। आचार्य अशोक कुमार ने अपने बौद्धिक में कहा कि नौ साल के आयु में गुरु गोविंद सिंह जी सिक्ख धर्म के दशवें गुरु बने थे। उनके द्वारा ही नारा दिया गया था कि 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल'। जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का मतलब है कि ईश्वर ही अंतिम सत्य है, ईश्वर के बिना कोई कार्य संभव नहीं हैं जो इस बात को मानते हैं उस पर ईश्वर का आशीर्वाद सदा बना रहेगा। उन्होंने मुगलों के विरुद्ध बहुत संघर्ष किया और कभी भी अपने धर्म को नहीं छोड़ा। अपने धर्म और देश की रक्षा करने में वे दृढ़ संकल्पित और एक पर्वत की तरह अडिग थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहनों की प्रमुख भूमिका रही।

# बोडी की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



रमकंडा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल के मैदान में रमकंडा के क्रिकेट प्रेमी रहे स्व. राकेश प्रसाद की याद में इस वर्ष से शुरू हुई क्रिकेट टूर्नामेंट की फाइनल मैच सोमवार को बोडी बनाम रमकंडा के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर 12-12 ओवर के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रमकंडा के टीम 11 ओवर में 10 विकेट खोकर 77 रन बना पायी। जवाबी पारी खेलने उतरी बोडी टीम ने 11 ओवर में ही 6 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर खिताब कब्जा जमायी। इस दौरान विजेता टीम को रमकंडा पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया प्रत्याशी गोरख प्रसाद के द्वारा 15000 रु नगद व बड़ा कप जबकी उपविजेता टीम को 10000 हजार रु नगद व छोटा कप देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश गुप्ता, चंदन प्रसाद, पुटपुट कुमारी, दया श्रीवास्तव, अमित कुमार, छोटू केशरी, रूपेश कुमार, मुरारी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।26

# बाघ ने होमिया गांव में बछड़े को मार डाला

रमकंडा (आजाद सिपाही)। पिछले एक सप्ताह के अंदर पलामू टाइगर रिजर्व से निकला बाघ सोमवार की सुबह होमिया गांव में नौंवा शिकार को निशाना बनाया। वहीं सुरेंद्र कोरवा के बछड़े को मार डाला। घटना सुबह करीब 10 बजे उस समय हुई जब पशुपालक धूप निकलने के बाद अपने पशुओं को चरने के लिए खुला छोड़कर उसे जंगलों की ओर भेज दिया। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि पशुओं के जंगलों में अचानक दौड़ते भागते देख जंगलों की ओर जाकर देखने पर पता चला कि बाघ अपनी भूख मिटा रहा था, लेकिन ग्रामीणों की चहलकदमी से जंगलों की ओर भाग निकला। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की दोपहर रमकंडा के बैदेशी में किये गये गाय के शिकार से उसने अपनी भूख मिटायी थी।

# ग्राम सभा को पेसा अधिनियम 1996 के तहत असीमित अधिकार दिये गये : जेंस हेरेंज

आजाद सिपाही

**भंडरिया।** बड़गड प्रखंड के गाड़िया गांव में वन अधिकार अधिनियम के बरगढ़ प्रखंड प्रभारी जेम्स हेरेंज के नेतृत्व में सामुदायिक वन संसाधनों पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। गांव के लोग वन संसाधनों की संरक्षा, पुनर्जीवित करने, परिरक्षित करने तथा प्रबंध करते आ रहे हैं। यही वजह रही है कि भारत सरकार ने अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) में पारंपरिक रूप संरक्षण और परिरक्षण करने का अधिकार दिया है। लेकिन गढ़वा जिला प्रशासन ने 56 ग्राम सभाओं को एक साजिश के तहत निर्गत पट्टे में प्रबंधन के अधिकार से वंचित रखा है। इसे लेकर संघर्ष तेज करने का आह्वान वन अधिकार मामलों के जानकार जेंस हेरेंज ने 7 प्रखंडों से शामिल पारंपरिक अगुओं के बैठक में यह



बाते कही। आदिवासी मामलों के जानकार सुनील मिंज ने कहा कि पारंपरिक गांव सभा को कानून ने अब गांव सरकार का दर्जा प्रदान किया है। ग्राम सभा को पेसा अधिनियम 1996 के तहत असीमित अधिकार दिये गये हैं। जिसके अंतर्गत ग्राम सभायें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका निभायेंगी। उन्होंने कहा कि विधायी शक्ति के तहत गांव के विकास और भाषा संस्कृति के लिए स्थानीय स्तर पर नियम बना सकेंगे। चिनिया प्रखंड से चलकर आयी महिला समाजिक कार्यकर्त्ता कविता सिंह खरवार ने हाल के दिनों में वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर ट्रेंच खुदाई, पिट खुदाई जैसे कार्यों का ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर विरोध करने की अपील की। उन्होंने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि वन विभाग बिना ग्राम सभा से पारित योजनाओं को जबरन थोपने का प्रयास कर रहा है। विभाग का यह कृत्य पूर्णतया गैर सांविधानिक है। बैठक के अंत में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये, जिसमें आदिवासियों के अधिकारों के खिलाफ कानूनी लापरवाही को लेकर बड़गढ़ प्रखंड से रंका अनुमंडल के सात प्रखंड होते हुए पैदल मार्च कार्यक्रम की जायेगी। यह मार्च कार्यक्रम जिला मुख्यालय पहुंच कर अनिश्चितकालीन धरना और प्रदर्शन में तब्दील हो जायेगी। इस अनिश्चित कालीन धरना कार्यक्रम में अलग-अलग गांव से प्रत्येक दिन न्यूनतम 30 आंदोलनकारी शामिल रहेंगे। धरने के माध्यम से हरेक दिन अपनी मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम तब तक जारी रखा जायेगा, जब तक वन अधिकार संघ की सभी मांगे पूरी नहीं की जायेगी। अन्य वक्ताओं में मुख्य रूप से प्रमंडलीय वनाधिकार संघ के संयोजक माणिकचंद कोरवा, उपसंयोजक मनराखन सिंह, बड़गढ़ 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष बिश्राम बाखला, नरेगा सहायता केंद्र के फिरोज लकड़ा और अरगेन केरकेटटा, चपलसी के ग्राम प्रधान, बयाखुरा के प्रदीप मिंज, चिनिया के अरुण सिंह, जमौती के रामप्रसाद, शिवकुमार और प्रदीप मिंज आदि शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के बीच सोमवार को स्वेटर का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविका अनिता देवी ने कहा कि दो वर्ष से बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए विभाग द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गरम स्वेटर उपलब्ध कराया गया है, इससे आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने अभिभावकों के अपील किया कि वे अपने बच्चों को समय पर केंद्र भेजें, ताकि इन मासूम बच्चों को भी शिक्षा की प्रति ललक पैदा हो। इस मौके पर अभिभावक सुनैना देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, मनौती देवी, सुमन देवी, लीलावती देवी समेत दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री मोदी का सपना, अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे : आदित्य

**राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यकर्ताओं संग गरीबों के बीच बांटे कंबल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू कार्यकर्ताओं संग ओरमांझी प्रखंडा के टुंडाहुली पंचायत के पिपरा टोली, तापे, उकरीद, बीजांग, लुपूंगा आदि गांवों के गरीब, असहाय और बुजूर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से हम सभी को सेवा का काम करना चाहिए, इससे पुण्य मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। इसी निमित्त गरीबों में कार्य करने की हौसला बढ़ता है। एक गरीब ही जानता है गरीब का हाल। इस ठंड के मौसम में कंबल वितरण कर रहे हैं, गरीब असहाय वृद्ध व्यक्ति इसका लाभ लेंगे। चुनाव में नेता राजनीतिक पार्टियां बड़े-बड़े घोषणा करती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद गरीब याद नहीं आते। भारतीय जनता पार्टी सेवा भाव से कार्य करते रहती है। इस अवसर पर अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, महामंत्री अलख नाथ महतो, शशि भूषण, अमित राज, मुखिया दीपक, राजेश, कामेश्वर, मनमोहन, कृष्णानंद, धनंजय महतो, आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# अपराध की योजना बनाते पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार, देसी राइफल और कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददता

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी रायफल और 11 जिंदा कारतूस बरामद किये गये है। गिरफ्तार उग्रवादियों में विकास गोप और निमेश गोप शामिल हैं। दोनों कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से हुई है। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक देसी रायफल के अलावा आठ एमएम का दो जिंदा कारतूस, 7.65 एमएम के नौ जिंदा



कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के नक्सली रोन्हे जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए बैठक करने वाले है। इस सूचना के अलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिटोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने रोन्हे जंगल में छपामारी कर पीएलएफआइ के विकास गोप और निमेश गोप को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर इनके पास से रायफल, गोली आदि बरामद किये गये।

**विकास जा चुका है जेल :** गिरफ्तार विकास गोप के खिलाफ पूर्व से कर्रा थाना में आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दोनों मामले में वह जेल जा चुका है। फिलहाल वह जमानत पर छूटा था।

**खूंटी में हुई फायरिंग की दी जानकारी :** गिरफ्तार विकास गोप और निमेश गोप ने खूंटी में हुई फायरिंग की घटना के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि फायरिंग में होटवार जेल में बंद शिवकुमार साहु ऊर्फ चरकू तथा खूंटी और रांची क्षेत्र में सक्रिय पीएलएफआइ के उग्रवादियों का हाथ है. जो फिलहाल फरार है। एसडीपीओ ने बताया कि दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की गयी थी। छपामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा के अलावा पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू, सब इंस्पेक्टर दीपक कांत के अलावा अनीस बारला, तालकेश्वर यादव आदि शामिल थे।

# भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार गांव-गांव घूम कर बना रहे हैं सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** तीन दिवसीय प्रवास में सिल्ली पहुंचे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जैलेंद्र चौधरी ने सिल्ली भाजपा पार्टी कार्यालय में बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने की।

जैलेंद्र चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवासी के दौरान नये कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ने का काम किया जायेगा। पार्टी के आदर्श और ध्येय से अवगत कराते हुए श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान 22



सिल्ली में बैठक को संबोधित करते जैलेंद्र कुमार चौधरी।

दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है। इसलिए कार्यकर्ता घूम-घूम कर गांव-गांव में जाकर लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने में लगा हुआ है। इस मौके पर लालित महतो, विश्वनाथ महतो, हरिहर महतो, चितरंजन मंडल, शिबू हजाम, राजेंद्र साय, रविंद्र साहू, सुधीर साहू, कर्ण महतो, परशुराम, श्रीपद महली सुखराम, अमित, चंदन गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार से सम्मानित किये गये सरोजनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से आड्रे हाऊस में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के 33 खिलाड़ी सम्मानित किये गये। पांच श्रेणी में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसमें नामकुम टाटीसिलवे के प्रसिद्ध फुटबॉलर, कोच और राष्ट्रीय रेफरी रहे सरोजनाथ महतो को गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति व खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने उन्हें सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक



कुणाल सारंगी, संस्था के फाउंडर चेयरमेन रितेश उरांव, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो, महेंद्र खलखो, दीपक मिर्धा, कुमार राजा, विनोद तिर्की, संगीता तिर्की, अनिरुद्ध पांडे, शंकर दुबे, विशाल भारद्वाज, कुमुद साहू, पुष्पा तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।

# पंचायत से पार्लियामेंट पहुंची अनुराधा मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड की जिला परिषद सदस्या अनुराधा मुंडा सोमवार को पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम के तहत संसद भवन पहुंची। इस दौरान लोकसभा सभागार में जनजातीय विषयों पर आधारित एक दिवसीय बैठक में भी अनुराधा मुंडा शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों (एसटी) की 502 निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सोमवार को पंचायत से संसद तक कार्यक्रम के दुसरे संस्करण का उदघाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं से निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों



की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना व प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन के बारे में उन्हें जानकारी देना है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख विजया रहाटकार, केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव आदि मौजूद थे।

# अखंड ज्योति कलश यात्रा का ककरिया में हुआ भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग ।** विश्व शांति सद्भावना बंधुत्व और जन जागरण के उद्देश्य के साथ निकाली गयी। अखंड ज्योति कलश यात्रा का ककरिया पहुंचने पर विधीवत पुजा अर्चना और आरती के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार से आये रांची जिला समन्वय जय नारायण प्रसाद, अनिल कुमार, संतर सिंह प्रमोद कुमार व अशोक कुमार ने बताया कि गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा और अखंड जोत का जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी के लिए पूरे उत्साह के साथ देश भर में ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गयी है। यह यात्रा उज्जवल भविष्य और युग परिवर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। इस दौरान सामूहिक अनुष्ठान प्रवचन भी किये गये। मौके पर प्रवीण कुमार, अनिल साहु, लक्ष्मीनारायण साहु, अनुराग कुमार, सुमित कुमार, सुधीर साहु, गंगाधर साहु, सुभाष साहु, निलेश कुमार, समीर गुप्ता, रोहित कुमार अशोक नायक, चुनिया राम समेत कई सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# मछली पालन को प्रोत्साहित करने के लिए हर पंचायत में ब्रांड एंबेस्डर होंगे नियुक्त : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी के परिसर में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला-सह-मत्स्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक मत्स्य, झारखंड रांची, डॉ एचएन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कृषि मंत्री पशुपालन एवं सहकारिता के दिशा-निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में निदेशक ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मछली पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किए जायेंगे। उन्होंने खूंटी जिले को मछली उत्पादन में अव्वल बनाने का लक्ष्य रखा और बताया कि जिले में 23 जलाशयों के 5000 हेक्टर क्षेत्र में मछली पालन की अपार संभावनाएं हैं। निदेशक ने बताया कि जिले के लगभग 4500 मत्स्य पालकों का नेशनल फिशरीज डिजीटल



प्लेटफॉर्म पर निबंधन करना आवश्यक है। ताकि वे मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। इसके लिए किसान निकटतम प्रज्ञा केंद्र या सीएससी सेंटर में निबंधन करा सकते हैं।

कार्यशाला में उप निदेशक मत्स्य, अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मत्स्य बीज उत्पादन के लिए फीड बैंक की स्थापना करना और किसानों को एनएफडीपी, एनएसपीएडी और केसीसी योजनाओं में निबंधन के लिए प्रेरित करना है। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक शिवानी कुमारी ने किसानों को एफएफपीओ के माध्यम से लोन प्राप्त करने और कार्यशील पूंजी जुटाने के बारे में जानकारी दी। सहायक मत्स्य निदेशक, रेवती हांसदा ने किसानों को अबंदोबस्त तालाबों का उपयोग मछली पालन के लिए करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला परियोजना समन्वयक, संजय कुमार ने मछली पालन के साथ अन्य कृषि गतिविधियों में सहयोग की जानकारी दी।

## तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष ने कंबल वितरित किया



कंबल वितरण करते मुखिया संतोष कुमार महली।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत में पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली ने कंबल का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि बढ़ती ठंढ को देखते हुए प्रखंड के द्वारा जो कंबल मिला था उसे जरूरत मंद और गरीबों के बीच बांटने का कार्य किया गया है। मुखिया ने कहा कि सभी वार्ड सदस्यों को कंबल दिया गया है। ताकि कंबल सभी क्षेत्रों में जरूरत मंद को मिल सके। इस मौके पर पंचायत सेवक परीक्षित महतो, पंकज मुंडा, विक्की मुंडा, विनोद उरांव, भुनेश्वर मिस्त्री, धर्मेंद्र पासवान, जतरु गंझू, विनय उरांव, चन्दू मुंडा, सुरेंद्र गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## अनियंत्रित हाइवा ने कार को टक्कर मारी, बाल-बाल बचे कार सवार



**इटकी (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर गड़गांव वस्ती के निकट सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर हाइवा ने इक्को स्पॉट कार को बगल से रगड़ मारते कुछ दुरी तक घसीटते ले गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी। हलांकि इस दुर्घटना में किसी को भी चोटें नही आयी। कार में कई लोग सवार थे। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को जब्त भी किया, किंतु दोनों वाहन मालिकों में आपसी समझौता के कारण पुलिस वाहनों को छोड़ दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि बेड़ो निवासी राजकुमार साहू अपने बच्चे को इलाज करा कर परिवार के साथ कार में सवार होकर रांची से बेड़ो लौट रहे थे। इसी दौरान पिछे से तेज रफ्तार से आ रही हाईवा ने कार को एक साईड से रगड़ते हुए कुछ दुरी तक घसीते ले गया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया।

## ओरमांझी में महावीर बाल्मीकि के घर से नकदी समेत गहनों की हुई चोरी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी थाना से महज 500 मीटर पर स्थित स्व महावीर बाल्मीकि के घर पर चोरी की घटना को चोरो के द्वारा अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व महावीर बाल्मीकि की पत्नी गीता देवी सपरिवार छत्तीसगढ गयी हुई थी। पांच जनवरी की शाम परिजनों द्वारा घर का ताला खुला होने की सुचना दी गयी। वीडियो कॉल पर घर की स्थिति देख सोमवार को ओरमांझी वापस आ गयी। घर पर आकर देखी तो महिला समिति के चालीस हजार नकदी समेत पांच लाख से अधिक के जेवरात की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है। चोरी के संबंध में प्राथमिकि दर्ज करा दी गयी है। थाना प्रभारी द्वारा फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई जा रही है। चोरी की घटना के संबंध में पुछे जाने पर थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया चोर बहुत जल्द पकडा जायेगा।

# खूंटी: डायन प्रथा और बच्चों के अधिकार पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को नालसा द्वारा संचालित 90 दिवसीय आउटरीच अभियान पर जुरदाग पंचायत, सीलादोन पंचायत और आवासीय बालिका उच्च विद्यालय कुंदी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लगातार 90 दिनों तक लगातार चलता रहेगा। इस अभियान में बच्चों के शिक्षा से जुड़े अधिकार, डायन प्रथा, वृद्धा, विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए डायन प्रथा से संबंधित जुड़े अधिकार और इससे पीड़ित परिवार को सूचित करने का सही तरीका और जगह के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डायन शब्द कहकर किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। इससे पीड़ित परिवार यदि थाने में सूचित करता है, तो उस व्यक्ति को सजा और जुर्माना दोनों हो सकता है। साथ ही वृद्धा और विधवा पेंशन योजना के बारे में और विद्यालय के बच्चों को उनके शिक्षा के अधिकार तथा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर द्वारा दी गयी।

# गांवों में खेलकूद के आयोजन से ही ग्रामीण प्रतिभाएं बाहर निकलती हैं : कामेश्वर बेदिया

**प्रखंड के कुरूम गुडगाई में हुआ दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बरतुआ गणेश पुर गुरगाई खेल मैदान में शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय और फुटबॉल में किक मारकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में खेल कुद का आयोजन से ग्रामीण प्रतिभा बाहर निकालता है। यहीं खिलााड़ी एक दिन गांव राज्य के साथ देश का नाम रोशन करते हैं। उद्घाटन के दिन कुल छह टीमों के बीच तीन मैच खेला गया। भुरकुंडा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दीपक बडाईक, फैरेस्ट विभाग के शिवनरायण महतो, भाजपा नेता चतुर साहू, मुखिया शिवनाथ मुण्डा, शिवशिष परिवार के और ओरमांझी पंचायत उपमुखिया संतोष गुप्ता, विनय गुप्ता, दिलिप साहू आदि अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन करने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद बेदिया, सचिव बिनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, उपाध्यक्ष निलांबर खरवार, नवीन कुमार, उपसचिव रमेश कुमार महतो, प्रकाश बेदिया उपकोषाध्यक्ष, दीपक नायक, नितिश मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवेश भोक्ता, शंकर करमाली, खेल प्रभारी दिनेश करमाली, जीवन मुंडा, रामप्रसाद सिंह, उपमुखिया ओरमांझी संतोष गुप्ता, संरक्षक परमेश्वर भोक्ता, अजय करमाली आदि का योगदान है।

## कुडू का टेंपो मांडर से दिनदहाड़े चोरी, प्राथमिकी दर्ज



**मांडर (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी निवासी मनोज साहू का टेंपो नंबर जेएच 08डी - 4276 की रविवार दिनदहाड़े मांडर चौक से अज्ञात चोर लेकर फरार हो गये। भुक्तभोगी ने बताया कि वह रांची से लौटने के क्रम में मांडर चौक में अपना टेंपो सड़क के किनारे खड़ा कर कुछ सामान खरीदने सड़क के दूसरे ओर गये थे। मुश्किल से पांच मिनट बाद लौटने पर टेंपू गायब था। मनोज ने तत्काल इसकी सूचना मांडर थाना को दी। सूचना के बाद मांडर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमे टेंपो को चान्हो रोड में जाते देखा गया। हालांकि इसके बाद कहीं कोई फुटेज भी नहीं मिल पाया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अनेक जगहों पर टेंपो का पता लगने प्रयास किया, लेकिन टेंपो नहीं पता चला। ज्ञात हो कि मनोज साहू के परिवार का एकमात्र सहारा यह टेंपो था। इसके चोरी हो जाने से उसके परिवार के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है।

## युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए : ललित नारायण सिंह

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** नवयुवक संघ के तत्वधान में उच्च विद्यालय विशुनपुरा के मैदान मे आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच रेड 11 वंशीधर नगर ऊंटारी बनाम मझिआंव के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अमहर खास पंचायत के मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह एवम गौरीशंकर गुप्ता ने किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन यहां के युवाओं को प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर प्लेटफार्म देने का काम कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए।

# चैनपुर में गैंगवार, दो की हत्या, दो जख्मी

## आधी रात घर में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग की, मरनेवाले भोला पांडेय गिरोह के गुर्गे, मौके से 25 खोखे मिले

**मारे गये भरत पांडेय और ढोला ने की थी माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन साहू की हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव गोलियों से थर्रा उठा। रविवार की रात गांव के एक घर में अपराधी घुसे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों की पहचान भरत पांडेय और दीपक साव के रूप में हुई है। दोनों मोस्ट वांटेड अपराधी थे। इनका संबंध पतरातू के भोला पांडेय गिरोह से रहा है। वहीं गोलीबारी में वहीं गरदा गांव के रहने वाले स्व. अमरेश सिंह का बेटा अंशु सिंह (19) और औरंगाबाद के पोला गांव का रहने वाला महावीर सिंह (38) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को आनन-फानन में एमएमसीएच में रात एक बजे भर्ती कराया गया है। अंशु को दोनों पैर और महावीर के हाथ में गोली लगी है। गोलीबारी की घटना के बाद दोनों मृतकों का शव मौके पर ही पड़ा है।

वहीं जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद पुलिस टीम के साथ वारदात की जांच के लिए मौके पर पहुंच गये। बताया जा रहा है कि महावीर सिंह के गरदा गांव में अपने मामा के घर आया हुआ था। महावीर के मुताबिक रात 12 बजे के करीब घर में घुस कर अपराधियों ने गोली चलायी। वहीं अंशु का कहना है कि गोली चलने की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली। वह बाहर निकला तो भागते हुए अपराधी ने गोली चलायी जो उसे लग गयी। अपराधियों की गोली से मरने वाले भरत और दीपक साव 31 दिसंबर से गरदा गांव में अपने मौसा के घर रुके हुए थे। मौसा के घर में जन्मदिन में शामिल होने आये हुये थे। ऐसी आशंका है कि गोली मारने वाले बाहर से आकर इन दोनों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने प्लानिंग के तहत रात में गोली चलायी है। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने कहा कि पुलिस हत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है। वहीं पुलिस ने मौके से 25 खोखा बरामद किया है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अपराधी खेत से होकर घर तक आये थे और गोली चलाते हुए उसी रास्ते निकल गये। अपराधियों ने अपनी बाइक घटनास्थल से कुछ दूर पर छोड़ दिया था। विकास तिवारी पर हत्या का शक मृतक के चचेरे भाई गौतम पांडेय का कहना है कि वर्चस्व की लड़ाई में कुख्यात अपराधी पांडेय गिरोह के विकास तिवारी ने भरत पांडेय उर्फ भरत सिंह और दीपक साव उर्फ ढल्ला की हत्या करायी है।

**भरत पांडेय और दीपक साव पांडेय गिरोह से अलग हो कर रहे थे काम :** भरत पांडेय और दीपक साव पांडेय गिरोह से अलग होकर अपना गिरोह चला रहे थे। पुलिस ने भरत पांडेय के गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में लिया है।दो चारपहिया वाहन से करीब आठ की संख्या में अपराधी इन्हें मारने पहुंचे थे। एसपी रीष्मा रमेशन अहले सुबह घटनास्थल पर पहुंच गयी थी। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचीं और अपराधियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा किया। दोनों अपराधियों को एकदम सट कर गोली मारी गयी। एफएसएल टीम के पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत से मिले पत्रकार संजय सिंह, नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

**मुख्यमंत्री ने भी झारखंड के सभी पत्रकारों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव संजय सिंह 'उमेश' ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर नये साल का बधाई और शुभकामनाएं दिया। पत्रकार संजय ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में मिलकर उनको पुष्प गुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए उनके सपरिवार उज्जवल और सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पत्रकार संजय सिंह 'उमेश' ने मुख्यमंत्री को झारखंड के पत्रकारों की स्थिति से अवगत कराया और उनसे आग्रह किया कि झारखंड की सरकार झारखंड के पत्रकारों के हित में निर्णय ले ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भी उनका वाजिब हक मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार ने पत्रकार हित में कई कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पत्रकारों को भी नव वर्ष की हार्दिक शुभकामना दिया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के बिना कुछ भी संभव नहीं : संजय

इस मौके पर पत्रकार संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के बिना कुछ भी संभव नहीं है। पत्रकार को विशेष सुरक्षा दें और उन्होंने कहा की पत्रकारिता में मेरा लगभग 38 साल सेवा करते हो गया लेकिन पत्रकारों को उसका उचित अधिकार नहीं मिल सका है। पत्रकार को शक्ति प्रदान करें कि वह स्वतंत्र होकर कोई भी खबर लिख सके।

## डॉ कौशल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को पौधा भेंट कर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के राज्यपाल रह चुके रघुवर दास के जमशेदपुर स्थित आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात कर उन्हें पलामू आने का आमंत्रण दिया। डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरणीय हालातो पर भी चर्चा की। मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत पूर्व राज्यपाल को डॉ कौशल ने पौधा भेंट किया।

## एसडीओ और मुखिया ने संयुक्त रूप से किया महुदंड स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन



स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन करते एसडीओ, चिकित्सा प्रभारी और मुखिया।

**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड पंचायत सचिवालय के ऊपरी तले पर स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ कृष्ण कांत कनवड़िया,चिकित्सा प्रभारी विनेश राम व पंचायत की मुखिया मिना देवी ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि महूदंड पंचायत हुसैनाबाद का सुदूरवर्ती इलाका है। इस स्वास्थ्य सुविधा का बहाल होने से पंचायत वासियों को सहूलियत होगी।मरीजो को ससमय इलाज की जायेगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्वास्थ्य उप केंद्र का भवन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल की जाएगी।स्वास्थ्य प्रभारी ने कहा कि सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को नियमित रूप से चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। पंचायत की मुखिया मीना देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त दोनों समस्याओं को लेकर एसडीओ से मिला था। एसडीओ सर ने पंचायत वासियों की सुविधा के लिए जो पहल की है पंचायत वासी हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है।मौके पर बीपीएम विभूति गुप्ता, पंचायत समिति रमेश पासवान,उप मुखिया रामबली यादव, दिनेश्वर ठाकुर, सुरेंद्र शाहनी, रामस्वरूप यादव, ओमप्रकाश रवि, नगीना यादव, हरी यादव,उदय प्रकाश यादव, कृष्णा, विनोद यादव, मो. इरफान, अनवर कादरी, मो शाबरी कादरी, स्वयं सेवक उपेंद्र यादव, सुरेंद्र, सनोज समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'महिला हुनर हार्ट 2025' की तैयारी पूरी : प्रियंका सिंघानिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेले का उद्घाटन सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर करेंगे**

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की बैठक होटल निरवाना में चेंबर अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 12 जनवरी को गांधी उद्यान में लगने वाली 'महिला हुनर हार्ट 2025' की तैयारी की समीक्षा की गयी। प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि मेले की पूरी तैयारी कर ली गयी है शहर और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं द्वारा लगायी जाने वाली यह पहला हुनर हार्ट मेला है, जिसके लिए महिलाओं में काफी उत्साह है। श्रीमती सिंघानिया ने बताया स्टॉल लगभग फुल हो चुका है। बचे हुए स्टॉल का 9 तारीख तक लास्ट बुकिंग लिया जायेगा, जिसका प्रति स्टॉल मात्र 500 रुपये और बड़ा स्टॉल 1000 रुपये की दर निर्धारित है। वहीं मेले की रौनक को बढ़ावा देने एवं बच्चों के हुनर को निखारने के लिए स्केटिंग कंपटीशन जिसका एंट्री फीस मात्र 50 रुपये, डांस कंपटीशन सोलो और ग्रुप, बेबी रैंप वॉक शो, बेस्ट बॉडीबिल्डर शो, डॉग शो, भारतीय परिधान को बढ़ावा देने हेतु मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनीनगर सभी का एंट्री फीस मात्र 200 रुपये रखा गया है और रोज शो को निःशुल्क किया गया है। संस्था की सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया सभी तरह के प्रतियोगिता के लिए एंट्री फॉर्म गांधी उद्यान में भी 10 जनवरी तक उपलब्ध है, जो हम सबों द्वारा निर्धारित संख्या तक ही उपलब्ध होगी। इस मेले में एंट्री लकी ड्रा कूपन के मार्फत होगी, जिसका मूल्य मात्र 50 रुपये रखा गया है और हर दो घंटे में बंपर प्राइस जैसे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसे कई उपहार निकाले जायेंगे।

मेले का मुख्य आकर्षण कालबेलिया डांस होगा जो राजस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहेगा। 'महिला हुनर हार्ट 2025' का टाइमिंग सुबह 11:00 से लास्ट एंट्री शाम 5:00 तक रखा गया है और मेले का समापन 7:00 बजे तक कर दिया जायेगा। मेले का उद्घाटन सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर करेंगे।

# सड़क हादसे में किशोरी की मौत दो घायल, छह घंटे सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज से सटे सीमावर्ती संडा-डीहरी एनएच 139 पर सड़क हादसे में एक किशोरी की दर्दनाक मौत और दो लोगों की घायल की खबर पर अक्रोषित ग्रामीणों ने छ घंटे से भी अधिक मुख्य मार्ग को जाम रखा। जिससे एक ओर घटना स्थल से हरिहरगंज शहर और एनएच कटैया मोड़ तक आवागमन पूरी तरह ठप रही। दूसरी ओर घटना स्थल से अंबा बाजार तक जाम लगी रही। जानकारी के मुताविक सीमावर्ती के संडा डिहरी के समीप एनएच 139 मुख्य मार्ग पर खड़ी बस में अनियंत्रित हाइवा ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस घटना में कुटुंबा थाना क्षेत्र के रजवार बिगहा गांव निवासी सुरेश रजवार की 15 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि मृतका की बहन रेणु देवी और जीजा जपला निवासी प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों की मुआवजे की मांग को लेकर एनएच को छह घंटे से अधिक जाम रखा। जिससे सड़क के दोनों ओर करीब 10 किलोमीटर दूरी तक लंबी जाम लगी रही। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची कुटुंबा पुलिस के पहल पर जाम हटाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जपला निवासी प्रदीप कुमार अपनी पत्नी रेणु देवी के साथ धान काटने ससुराल आया था। इस दौरान अपने हिस्से में मिले धान को बस पर लोडिंग के दौरान हाइवा ट्रक के चपेट में आ गए। जिससे 15 वर्षीय किशोरी सुमन कुमारी की जान चली गयी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर संत मरियम स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संवाद हुआ संपन्न

**अभिभावकों और शिक्षकों के सकारात्मक संबंध से ही बच्चों के सपनों को मिलेगी नयी उड़ान : अविनाश देव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मौजूदा दौर में मात्र परीक्षाओं में अर्जित अंक ही बच्चों के विकास और चरित्र का दर्पण माना जाता है। प्राप्तांक किसी विषय विशेष में मात्र ज्ञान के सूचक भर है, चरित्र की गुणवत्ता का मापक तो बिल्कुल भी नहीं। एक आदर्श नागरिक बनने में अच्छे अंकों के साथ अच्छे नैतिक मूल्य और आचरण का मिश्रण भी आवश्यक है, जिसे विकसित करने के लिए रविवार को कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय परिसर में शिक्षक-अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, किड्स स्कूल निदेशक आनंद कुमार, उप प्राचार्य, समन्वयक व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उक्त मौके पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए चेयरमैन देव ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सकारात्मक संबंध होने से छात्रों में शिक्षा के प्रति बेहतर दृष्टिकोण विकसित होता है। साथ ही, बच्चों के सपनों को नयी उड़ान मिलती है, जिससे कि छात्र अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को हासिल करने मे सफल हो पाते हैं। इसके लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद होना अति आवश्यक है। इससे अभिभावकों व शिक्षकों को छात्रों के कमजोर क्षेत्रों का पता चलता है और उन्हें उसमें सुधार लाने में मदद मिलती है। आगे उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थियों के जीवन की शैली में जो परिवर्तन आया है, वो सबसे अधिक संस्कारों का है। मौके पर संत मारियम किड्स स्कूल के निदेशक आनंद कुमार, मेंटर्स एडुसर्व शैक्षणिक संस्थान के अकादमी मुख्य राहुल समेत समस्त शिक्षक और हजारों अभिभावकगण मौजूद रहे।

# एग्री स्मार्ट के दस दिवसीय प्रशिक्षण का विधायक डॉ शशिभूषण ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी(पलामू)।** पलामू जिला अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर के कोइरी पतरा में सोमवार को एग्री स्मार्ट का दस दिवसीय प्रशिक्षण का विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उपस्थित सभी किसानों को विधायक के द्वारा अच्छी तरह से किसान उपयोगी योजना का लाभ लेने और कृषि के क्षेत्र में एग्री स्मार्ट ग्राम प्रखंड नहीं पलामू में मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही। किसानों को मृदा सॉइल हेल्थ कार्ड का भी वितरण किया गया। वहीं किसानों को आत्मा, कृषि, और उन्नत कृषि के बारे चर्चा भी किया गया। मौके पर नौडीहा मुखिया मनदीप मेहता, राजकमल मेहता, प्रकाश मेहता, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, सीआरपी रौशन कुमार मेहता, प्रशिक्षक मोंटेक कुमार, किसान मित्र, अरविंद मेहता,

## दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि कार्यालय की ओर से सोमवार को प्रखंड के मझिगांवा गांव में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत चयनित 125 महिला व पुरुष किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, ज़िला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला परिषद् सदस्य संटू चौरसिया,मुखिया अनीता देवी, उप परियोजना निदेशक प्रवीण राज,सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि कृषि का कोई विकल्प नहीं है, किसानों की आय और जीवन स्तर में गुणात्मक वृद्धि हो सके इसके लिए प्रयास है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित उप परियोजना निदेशक आत्मा अरविंद प्रवीण राज, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका कुमारी के द्वारा किसानों को मृदा जांच, आधुनिक तकनीक से खेती कार्य करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

## स्पोर्ट्स




मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा की मुख्य उपस्थिति में मेकॉन स्थित क्रिकेट स्टेडियम में डीआरएम 11 और एडीआरएम 11 के बीच एक रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया।

# डीआरएम 11 और एडीआरएम 11 के बीच रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा की मुख्य उपस्थिति में मेकॉन स्थित क्रिकेट स्टेडियम में डीआरएम 11 और एडीआरएम 11 के बीच एक रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच का आयोजन रांची रेल मंडल द्वारा एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से किया गया था।

डीआरएम 11 की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 4 विकेट खोकर 138 रन बनाये। पहली पारी में डीआरएम 11 की ओर से बल्लेबाजी करते हुए निशांत कुमार (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी) ने 86 रन एवं सुजीत कुमार (वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, परिचालन) नें 23 रन बनाये तथा एडीआरएम 11 की ओर से गेंदबाजी करते हुए नरेंद्र दलई (सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी) ने 3 विकेट एवं राजा (वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी) ने 1 विकेट लिये।

दूसरी पारी में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए एडीआरएम 11 की टीम 12.2 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 140 रन बना कर विजेता रही। एडीआरएम 11 की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पवन कुमार (वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त) ने 98 रन एवं आशुतोष कुमार सिन्हा (मंडल रेल प्रबंधक के निजी सचिव, (राजपत्रित) ने 21 रन बनाये तथा डीआरएम 11 की ओर से गेंदबाजी करते हुए निशांत कुमार (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी), विकास कुमार (सहायक मंडल विधुत अभियंता (ट्रेक्शन) एवं बीपीशॉने 1-1 विकेट लिये।

मैच के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिन्द्रा ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर मैच के दौरान अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों की सराहना की। साथ ही विजेता टीम की ओर से नाबाद 98 रन की पारी खेलने वाले पवन कुमार (वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त) को मैनऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मैच में रांची मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता बलराम प्रसाद साहू, मंडल के शाखा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों नें हिस्सा लिया। साथ ही मैच के दौरान एचडीएफसी बैंक की ओर से कुमार अभिषेक एचडीएफसी बैंक, जोनल हेड, झारखंड भी उपस्थित थे।

## महिला और बालसभा का आयोजन



**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर पंचायतों में इन दिनों महिला व बाल सभा आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को बाघमनवा पंचायत सचिवालय व घासीदाग पंचायत सचिवालय में बाल सभा व महिला सभा का आयोजन किया गया। बघमनवा में सभा का उद्घाटन मुखिया मंजू देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। मौके पर समाजसेवी मनीष कुमार, रेखा, सुनीता, मानो, गीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामकेश्वर साहू की प्रतिमा स्थल पर भंडारे के साथ अष्टजाम अखंड कीर्तन संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के नहर मोड़ स्थित स्व रामकेश्वर साहू जी की प्रतिमा स्थल परिसर में आयोजित अष्टजाम अखंड कीर्तन का सोमवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम की शुरूआत अयोध्या विवहूति भवन के शिष्य व परिकर चंद्रदीप सिंह ने रामधुनी व मंगलाचरण से की। उन्होंने कहा कि कलियुग में इस तरह के रामनाम का जाप से ही विश्व का कल्याण होगा। भृगुनाथ सिंह ने कई कर्णप्रिय भजन प्रस्तुत करते हुये रामनाम की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह, जनेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कृष्णा, ओम, सुनील, पप्पू आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाई लेवल टीम जांच करने पहुंची धनबाद जेल

# क्या जेल के अंदर बंदियों को जातिगत आधार पर अलग-अलग रखा जाता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** जेल में बंद कैदियों को उनके अपराधों के आधार पर रखने का प्रावधान है, लेकिन क्या धनबाद जेल में बंदियों को जातिगत आधार पर भी अलग-अलग रखा जाता है? अथवा उन्हे वगीर्कृत किया जाता है? इस बिंदु पर जांच करने धनबाद के न्यायिक पदाधिकारी, जिला प्रशासन की हाई लेबल टीम प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में धनबाद जेल पहुंची। इस बाबत जानकारी देते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि जेलें सुधार और पुनर्वास का केंद्र होनी चाहिए, न कि भेदभाव और असमानता का। जातिगत वर्गीकरण जैसे मुद्दों पर सतर्क निगरानी और कठोर कार्रवाई जरूरी है ताकि भारतीय संविधान के सिद्धांतों का पालन हो सके। उन्होंन बताया की कुछ रिपोर्टों और सामाजिक संगठनों द्वारा यह आशंका जतायी गयी थी कि जेलों में जातिगत भेदभाव हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि बंदियों के बीच झगड़े, विवाद, और सांप्रदायिक तनाव को कम करने के नाम पर, उन्हें जाति या समुदाय के आधार पर अलग-अलग बैरकों में रखा जाता है। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले पर सुनवाई की थी और 31 अक्टूबर 24 को आदेश पारित किया था। उन्होने कहा कि जेल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य कैदियों का पुनर्वास और सुरक्षा है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि कैदियों के साथ समानता और मानवाधिकारों का पालन हो। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस बात की जांच करने टीम धनबाद जेल गयी थी, धनबाद जेल में ऐसी कोई अनियमितता नहीं मिली।

वहीं इस बाबत जानकारी देते हुए धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि किसी भी कैदी को जाति, धर्म या किसी अन्य सामाजिक पहचान के आधार पर नहीं बांटा जाता। कैदियों को उनके अपराध की प्रकृति, सुरक्षा की स्थिति, और उनके व्यवहार के आधार पर बैरकों में रखा जाता है। वहीं इस बाबत जानकारी देते हुए और न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारी राकेश रोशन ने बताया कि सामाजिक संस्था सुकन्या बनाम भारत सरकार के मामले में (रिट पिटीशन संख्या 1404/23) मे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह बात रखी गयी कि। इस बात की जांच हो की क्या जेलों में बंदियों को जातिगत वर्गीकरण के आधार पर रखा जाता है। उनका कहना था कि अगर जातिगत भेदभाव हो रहा है, तो यह संविधान और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह मुद्दा जेलों के पारदर्शिता और सुधार की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार इस पर निष्पक्ष जांच कराये और यह सुनिश्चित करे कि किसी भी बंदी के साथ जातिगत भेदभाव न हो। इसी पर सुनवाई के बाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के सभी जेलों में इस बाबत जांच का निर्देश दिया था। जिसके अनुपालन में आज धनबाद जेल में जांच की गयी। टीम में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश,अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, अपर समाहर्ता सह मंडल कारा अधीक्षक विनोद कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, प्रभारी चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉरोहित गौतम, डॉ राजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्ल्यूडी चंदन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार मोदी, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदू, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक नीरज गोयल सुमन पाठक, शैलेंद्र झा, कंहैयालाल ठाकुर, स्वाती, मुस्कान, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार राजेश कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

### अखिल भारतीय किन्नर समाज के अधिवेशन का पांचवां दिन

# किन्नरों ने किया जन प्रतिनिधियों को सम्मानित





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** देश की कोयला राजधानी धनबाद में इन दोनों किन्नरों का महाजुटान देखने को मिल रहा हैं। अगर माना जाय तो यह धनबाद जिला में एक ऐसा सम्मेलन हो रहा है जो की अन्य सम्मेलनों से अलग हटकर यह सम्मेलन देखा जा रहा है। सम्मेलन में हमारे भारत देश ही नहीं विदेश से भी कई किन्नर भाग ले रहे हैं। सोमवार को किन्नर समाज के द्वारा जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान धनबाद सांसद ढुलू महतो भी अधिवेशन में पहुंचे और उन्हें भी किन्नरों ने सम्मानित किया।

**किन्नरों की विशाल उपस्थिति से धन्य हो गया धनबादः ढुल्लू**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हमारा धनबाद आपलोगों की उपस्थिति में धन्य हो गया। मुझे छम छम माता का आशीर्वाद बचपन से ही मिलता आया है। और मैं छम छम माता की बातों पर अमल करता हूं। आप लोग धनबाद को ऐसा आशीर्वाद दें जिससे धनबाद की चौमुखी विकास हो। टुंडी विधायक और झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

**करोना काल में किन्नरों के आशीर्वाद का हमारे ऊपर दिखा असरः मथुरा**

इस अवसर पर मथुरा महतो ने कहा कि कोरोना काल के समय से ही किन्नरों का आशीर्वाद हमारे ऊपर बनी हुई है, मैं किन्नरों के हर कार्यक्रम में शिरकत करता हूं और उनका आशीर्वाद लेता हूं। विधायक राज सिन्हा ने कहां की झारखंड के कोयला राजधानी धनबाद में आये किन्नरों को पूरा कोयलांचल स्वागत करता है, और मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों के आशीर्वाद से हमारा धनबाद हमेशा चमकता रहेगा।

**विधायक राज सिन्हा किन्नरों पर करेंगे पुष्प वर्षा : राज सिन्हा**

सिन्हा ने कहा कि कल किन्नरों का जो महा रैली धनबाद शहर में निकलेगी तो हमारे तरफ से पुष्प वर्षा और पेयजल की व्यवस्था किया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष छम छम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, निर्मला किन्नर, श्वेता किन्नर आदि मौजूद थे।

# आइआइटी आइएसएम में कार्यकारी विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम धनबाद के मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने प्रोजेक्ट एंड फाइनेंसियल मैनेजमेंट विथ एमएस प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एंड सिमुलेशन सॉफ्टवेर फॉर एक्सेक्यूटिवेस ऑफ एसइसीएल नामक एक पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर द्वारा प्रायोजित है और 6 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक चलेगा। सोमवार को एमडीआइ एससीइएल बिलासपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ पीएस मिश्रा, सीएमडी, एससीइएल बिलासपुर, प्रो सुकुमार मिश्रा, निदेशक, आइआइटी आइएसएम धनबाद, (ऑनलाइन मोड मि )बिरांची दास, डायरेक्टर (पर्सनेल) एसइसीएल प्रो रजनी सिंह, डीन, कॉपोरेट कम्युनिकेशंस, आइआइटी आईएसएम प्रो जेके पटनायक, प्रोफेसर, प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग, प्रो रश्मि सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, और प्रो नीलाद्रि दास, सह-समन्वयक शामिल थे।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो रश्मि सिंह, सहायक प्रोफेसर और इडीपी समन्वयक, और प्रो नीलाद्रि दास, एसोसिएट प्रोफेसर और सह-समन्वयक द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एसइसीएल के वरिष्ठ और मध्य-स्तर के प्रबंधन अधिकारियों की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम में 32 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक और उप-प्रबंधक शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कोयला खनन क्षेत्र के लिए नवीनतम परियोजना और वित्तीय प्रबंधन प्रथाओं और सॉफ्टवेयर के व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो रश्मि सिंह ने कोयला खनन क्षेत्र में प्रभावी परियोजना प्रबंधन और सिमुलेशन उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की क्षमता निर्माण पहलें परिचालन दक्षता को बढ़ाने और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कार्यकारियों को अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति और परियोजना सॉफ्टवेयर से अवगत कराना देशभर में कोयला खनन परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक है। इस इडीपी में 18 विशेषज्ञ सत्र शामिल हैं, जिनमें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए जायेंगे, जैसे रणनीतिक वित्तीय प्रबंधनः प्रो जेके पटनायक नेतृत्व और प्रेरणाः प्रो रजनी सिंह एप्लीकेशन सॉफ़्टवेयर के साथ परियोजना योजना और अनुसूचीः प्रो संदीप मंडल सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के साथ जोखिम विश्लेषण और प्रबंधनः प्रो रश्मि सिंह खनन परियोजनाओं में लागत मुद्दे, वित्तीय स्रोत और कार्यशील पूंजी प्रबंधनः प्रो नीलाद्रि दास परियोजनाओं का वित्तीय मूल्यांकन और वित्तीय विवरण विश्लेषणः प्रो नीलाद्रि दास,इसके अतिरिक्त, बाहरी विशेषज्ञ निम्नलिखित विषयों पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। खनन उद्योग में एजाइल प्रबंधनः प्रो राम कुमार एम (आईआईएम रायपुर) खनन परियोजनाओं में स्थिरता मुद्देः प्रो गणेश शुक्ला।यह कार्यक्रम अकादमिक कठोरता और नवाचार के माध्यम से उद्योग प्रथाओं में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए आइआइटी आइएसएम धनबाद की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# दो लाख की आबादी रह गयी प्यासी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

झरिया/जोरापोखर। सोमवार झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया की दो लाख की आबादी को नहीं मिल सका पीने का पानी। जिसका मुख्य कारण है केंद्र परिषर में ही तीन जगहों पर 30 इंची पाइप लाइन में लीकेज को लेकर बाईपास पाइप बिछाकर उसमें वेल्डिंग का कार्य होना है। हलाकि सुबह झरिया जलमीनार को जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में जमे हुए पानी को वासआउट कर निकाला गया, ताकि वेल्डिंग का कार्य आसानी से पूरा हो सके। उक्त कार्य करने की जिम्मेवारी बिहार फेब्रिकेटर्स झरिया को दिया गया है। यदि कार्य समय पर पूर्ण हो जाती है तो मंगलवार को झरिया में जलापूर्ति होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# सुखदेव शर्मा बने रासपा के धनबाद जिलाध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तोपचांची/कतरास।** राष्ट्रीय सनातन पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष अमीर राज पांडेय ने तोपचांची के सुखदेव प्रसाद शर्मा को धनबाद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। ये झारखंड विश्वकर्मा बढ़इ कल्याण समिति के धनबाद जिला वरीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। इन्होंने जारी ब्यान में बताया कि जल्द ही पार्टी का विस्तार पूरे धनबाद जिला में किया जायेगा। इनके मनोनयन पर अधिवक्ता राजेश शर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव (डीड राइटर), ललन शर्मा , योगेंद्र सिंह, मंटू कुमार पांडेय, सीता राम मंदिर ढांगी के संस्थापक तारकेश्वर महतो, विहिप के तोपचाँची प्रखंड अध्यक्ष काशीनाथ विश्वकर्मा, विहिप के अशोक कुमार पांडेय, मुकूल गोप, प्रकाश विश्वकर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए आत्मीय बधाई दी है।

# बागडिगी बस्ती के ग्रामीणों ने दस सूत्री मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया/जोरापोखर।** बागडिगी बस्ती के ग्रामीणों ने छठ तालाब के निकट अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और प्रबंधन विरोधी नारे लगाये। ग्रामीण उग्र होकर आउटसोर्सिंग का चक्का जाम करना चाहते थे लेकिन जोरापोखर पुलिस की पहल पर मामला शांत हुआ। नेतृत्वकर्ता नयन चक्रवर्ती ने बताया कि 20 दिसम्बर को लोदना एरिया महाप्रबंधक को 10 सूत्री मांग पत्र के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमे मुख्य मांगो में प्रदूषण, हैवी ब्लास्टिंग, विस्थापन, नियोजन, पीने की पानी, पिट वॉटर, बेरिकेटिंग, रैयती जमीन सम्बंधित मांगे शामिल है। ग्रामीण का जीना मुहाल हो चुका है। परियोजना डीजीएमएस के नियम के विरुद्ध चलाये जा रहे है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध करेंगे। हलाकि ग्रामीणों को शांत कराने की पहल जोरापोखर पुलिस द्वारा किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को थाना बुलाया। वहां त्रिपक्षीय वार्ता हुई जिसमें बीसीसीएल के परियोजना पदाधिकारी ए के पांडेय, ग्रामीण और पुलिस शामिल थे। वार्ता में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण चार दिनों का समय दे। उनकी जायज मांगो पर पहल की जाएगी। प्रदर्शनकारियों में भोला पासवान, उज्वल चक्रवर्ती, गणेश बाउरी, गायत्री देवी, तारा देवी, रानी देवी आदि शामिल थे।

# अनियंत्रित होकर ऑल्टो कार खाड़ी में गिरी, महिला की मौत और आठ घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग के गोलकडीह पुलिया स्थित सोमवार की लगभग 6ः 30 बजे सुबह ऑल्टो कार तेज रफ्तार में झरिया से गोलकडीह की ओर जाने के क्रम में अनियत्रित होकर लगभग बीस फीट निचे खाई में जाकर पलटी मार दी। गाड़ी में कुल नौ लोग सवार थे जिसमे एक महिला की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार अपने सह दलबल घटना स्थल पहुंच घायलों को तत्काल इलाज के लिए भेज दिया, जबकि गाड़ी को अपने कब्जे में करते हुए मृत महिला की शव पंचानवा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। गाड़ी में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य बताये गये हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घायलों की पहचान गोलकडीह निवासी मुख्तार शेख और उनका परिवार के सदस्य बताया गया है। जो झरिया ऊपर कुली वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था, और लौटने के क्रम में यह घटना घटित हुई है। जंहा गोल्डन शेख की 24 वर्षीय पत्नी सलमा शेख की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि बाकि लोग गंभीर हालात में ईलाज के लिए झरिया हॉस्पिटल भेज दिया गया है। घायलों में मुख्तार शेख, शाहनवाज शेख, मलका शेख, अफसरा शेख, तानिवा तीन वर्ष, अल्फी शेख तीन वर्ष, दो एक एक माह के बच्चे भी शामिल थे । गाड़ी स्वयं मुख्तार शेख का लड़का सहनावज शेख चलाने का काम कर रहा था।

# हिल टॉप राइज आउटसोर्सिंग कंपनी में पीसी मशीन चालक की आग में झुलस कर हुई मौत

**कार्यालय के समक्ष शव रख कर किया चक्का जाम, डिस्पैच हुआ प्रभावित, बीसीसीएल को हुआ भारी राजस्व का नुकसान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद/कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के कनकनी कोलियरी में संचालित हिल टॉप राइज आउटसोर्सिंग कंपनी में असुरक्षित उत्खनन के कारण पीसी मशीन चालक मुन्ना चौहान आग की चपेट में आकर बूरी तरह से जल गया आनन फानन में उसे बोकारो के बीजीएच अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया,आउटसोर्सिंग कर्मियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित 22/12 कंपनी कार्यालय के समक्ष रखकर कंपनी का चक्का जाम कर दिया,जिससे बीसीसीएल का पूरा डिस्पैच प्रभावित हुआ और बीसीसीएल को भारी राजस्व का नुकसान हुआ। वही सूचना पाकर सीआईएसएफ और लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर वार्ता किया पर वे अपनी दस सूत्री मांग पर अड़े है जिनमे मृतक की पत्नी को बीसीसीसीएल में नियोजन उसके चारों बच्ची के नाम 25 25 लाख रुपये,दाह संस्कार के लिए 2 लाख रुपये वर्क कंफरमेशन में 25 लाख सहित अन्य मांग शामिल है मौके पर अनुज सिन्हा उर्फ पलटू जी मोहलीडीह पंचायत मुखिया, मोहम्मद आजाद मनोज चौहान (मुखिया),झामुमो नेता हरेन्द्र चौहान राज कुमार महतो असलम मंसूरी,गीता देवी,रीता देवी जसीम अंसारी,सहित अन्य लोग थे। घटना के समंध में बताया जाता है कि कनकनी 4 नंबर निवासी 40 वर्षीय मुन्ना चौहान कनकनी कोलियरी में संचालित हिल टॉप हाई राईज प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी में रविवार दोपहर लगभग बारह बजे परियोजना के प्रथम पाली में पीसी मशीन चला रहा था इस दरम्यान परियोजना में आग रहित ओ बी आ के नीचे गिरा रहा था तभी उपर से आग रहित ओ बी आर सलाईड कर मशीन पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। पीसी चालक किसी तरह गाड़ी से निकल कर चिल्लाते हुए वहां से भागकर जान बचाया।आनन फानन में कार्मियों ने उसे तुरंत निजी वाहन से असर्फी अस्पताल ले गया जहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए बोकारो जेनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया जहाँ उसकी मौत हो गयी मृतक अपने पीछे पत्नी सहित 4 बच्चियों को छोड़ गया है सभी का रो रो कर बुरा हाल है

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला घायल



**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा बाबूबासा के समीप बिना नम्बर प्लेट का बालू लदा ट्रेक्टर की चपेट में आकर होरलाडीह की रहने वाली 50 वर्षीय बसंती देवी गम्भीर रूप से घायल हो गयी है। घटना की खबर मिलने के बाद जोड़ापोखर पुलिस घटनास्थल पहुची और घायल को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दी गयी है, जबकि ट्रेंक्टर को जब्त कर लिया है। महिला का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना के बाद ट्रेंक्टर ड्राइवर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

# तीन दिवसीय आरवाइपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 8 पदक जीते।

**धनबाद।** भुवनेश्वर तीन से पांच जनवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय आरवाईपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक अपने नाम किये। इस उपलब्धि ने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पदक विजेताओं में जिगर विश्वकर्मा और मोहम्मद कासिद ने अंडर 14 बॉयज डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चंद्र देव प्रजापति और अर्चना जय सिंह ने 30प्लस मिक्स डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ 30प्लस मेंस सिंगल्स में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। सोनू कुमार ने तीन पदक अपने नाम किये। पहला पदक ओपन डबल्स में रोहित पाटिल के साथ रजत पदक, दूसरा पदक ओपन मिक्स डबल्स में अनुजा माहेश्वरी के साथ रजत पदक और तीसरा पदक ओपन मेंस सिंगल्स में कांस्य पदक प्राप्त किया। शशि कुमार और दीपक पासवान नेअंडर 18 बॉयज डबल्स में रजत पदक प्राप्त किया।दीपक पासवान साथ ही अंडर 18 सिंगल्स में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। आदित्य प्रजापति और प्रचेता कुमारी ने अंडर 16 में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर झारखंड पिकलबॉल संघ ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता पर खुशी जाहिर की और आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। झारखंड के खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि से न केवल अपनी मेहनत को साबित किया, बल्कि राज्य को पिकलबॉल के क्षेत्र में नयी पहचान दिलायी।

## प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी

# रेल परियोजनाओं के शुभारंभ से जम्मू-कश्मीर, ओड़िशा और तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : नरेंद्र मोदी

- हम भारत में रेलवे के विकास को चार मापदंडों पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे ढांचे का आधुनिकीकरण, दूसरा- रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा- रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा- रेलवे से रोजगार सृजन और उद्योगों को मदद






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली / भुवनेश्वर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने नये जम्मू रेलवे डिवीजन का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्वी तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला भी रखी और तेलंगाना में चरलापल्ली नये टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर सबको अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि गुरु गोविंद सिंह की शिक्षाएं और जीवन एक सुदृढ़ और समृद्ध राष्ट्र के दृष्टिकोण के लिए प्रेरित करते हैं।

आवागमन संपर्क में भारत की तेज प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि 2025 के आरंभ में ही भारत ने अपने मेट्रो रेल नेटवर्क को 1000 किलोमीटर से अधिक तक विस्तारित करने के साथ अपनी पहल को गति दे दी है। उन्होंने रविवार को दिल्ली मेट्रो परियोजनाओं के शुभारंभ के साथ-साथ दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नमो भारत ट्रेन के उद्घाटन का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात को फिर प्रमाणित करता है कि सारा देश एक साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर, ओड़िशा और तेलंगाना में आरंभ की गयी रेल परियोजनाएं देश के उत्तर, पूर्व और दक्षिण क्षेत्रों के लिए आधुनिक आवागमन संपर्क की एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में समर्पित माल ढुलाई गलियारे जैसे आधुनिक रेल नेटवर्क पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये विशेष गलियारे नियमित पटरियों पर बोझ कम करेंगे और उच्च गति की रेल गाड़ियों का अधिक परिचालन होगा। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने के साथ रेलवे में भी परिवर्तनकारी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो और रेलवे के लिए आधुनिक कोच विकसित किये जा रहे हैं। स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है, स्टेशनों पर सौर पैनल लगाये जा रहे हैं और रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन, एक उत्पाद की दुकानें खोली जा रही हैं। ये सभी पहल रेलवे क्षेत्र में रोजगार के लाखों नये अवसर उत्पन्न कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में लाखों युवाओं को रेलवे में स्थायी सरकारी नौकरियां मिली हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत अभी एक्सप्रेसवे, जलमार्ग और मेट्रो नेटवर्क सहित बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से बढ़ कर आज 150 से अधिक हो गयी है और देश भर में मेट्रो सेवाओं का विस्तार 5 शहरों से 21 शहरों तक पहुंच गया है।

कार्यक्रम में केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना, राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार, ओड़िशा के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, तेलंगाना के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी उपस्थित थे।

### ओड़िशा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार की काफी संभावनाएं हैं : मोदी

प्रधानमंत्री ने इसका उल्लेख किया कि ओड़िशा में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन और विशाल समुद्र तट है, जिससे वहां अंतरराष्ट्रीय व्यापार की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं। साथ ही सात गति शक्ति कार्गो टर्मिनलों की भी स्थापना की गयी है, जिससे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि आज ओड़िशा में रायगढ़ रेलवे मंडल की आधारशिला रखी गयी है, जो राज्य के रेलवे अवसंरचना ढांचे को मजबूती देगा और इससे विशेष कर दक्षिण ओड़िशा में पर्यटन, व्यवसाय और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा जहां बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार रहते हैं।

### प्रधानमंत्री ने रायगढ़ा रेलवे डिवीजन भवन का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे डिवीजन भवन का शिलान्यास किया. इस परियोजना का मूल्य रु. 107 करोड़ रुपये का लक्ष्य ओडिशा, आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। यह डिवीजन के लिए नए मुख्यालय के रूप में काम करेगा और एक डिवीजनल नियंत्रण कार्यालय, एक आधुनिक डीआरएम कार्यालय भवन और अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास सहित आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। रायगढ़ा रेलवे डिवीजन परियोजना की मुख्य विशेषताएं : रेलवे परिचालन की देखरेख के लिए मुख्यालय रायगढ़ में है। आधुनिक डीआरएम कार्यालय भवन: 12,000 वर्गमीटर जगह के साथ एक अत्याधुनिक जी+2 संरचना। मंडल नियंत्रण कार्यालय: दिन-प्रतिदिन सुचारू रेलवे परिचालन सुनिश्चित करता है। अधिकारियों और कर्मचारियों का आवास: प्रभाग कर्मियों के लिए समर्पित आवास सुविधाएं। बेहतर परिवहन संपर्क : बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़कों का विकास। स्थिरता: पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए वर्षा जल संचयन प्रणालियों को शामिल करना। रायगड़ा रेलवे डिवीजन की स्थापना से दक्षिण ओड़िशा के आदिवासी क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय उद्योगों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस परियोजना से क्षेत्र के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने और स्थानीय समुदायों के जीवन में सुधार होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में, ओडिशा के माननीय राज्यपाल डॉ कंभमपति हरि बाबू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे डिवीजन और चारलापल्ली टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन और रायगड़ा डिवीजन स्टेशन भवन के शिलान्यास की निगरानी के लिए इस अवसर पर उपस्थित थे। उम्मीद है कि ये परियोजनाएं क्षेत्रीय आर्थिक विकास, पर्यटन और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिससे राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

**अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2024-25**

# किट यूनिवर्सिटी ने रोमांचक जीत के साथ शुरू किया अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट यूनिवर्सिटी पुरुष वॉलीबॉल टीम ने ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) चैंपियनशिप 2024-25 में खुशाल दास यूनिवर्सिटी, राजस्थान को एक रोमांचक मैच में हरा कर कड़ी जीत के साथ अपनी यात्रा शुरू की। टीम ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में 3-2 सेट स्कोर के साथ मैच जीत लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एसपीइएसएस, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम द्वारा किया जाता है। इसकी मेजबानी सेंट थॉमस कॉलेज, पलाई (स्वायत्त) द्वारा की जाती है।

पहला मैच किट टीम के लिए लचीलेपन और टीम वर्क की परीक्षा साबित हुआ। दोनों पक्षों ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया।

किट विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने असाधारण समन्वय और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए अपने पहले गेम में जीत हासिल की और अपने अभियान के लिए एक मजबूत माहौल तैयार किया। किट, किस और किम्स के संस्थापक प्रोफेसर (डॉ) अच्युत सामंत ने टीम को उनकी सफल शुरुआत के लिए बधाई दी। उन्होंने आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनकी कड़ी मेहनत और जज्बे की सराहना की।

# वेजिटेरियन थाली की कीमत 6% बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत दिसंबर में (सालाना आधार पर) 6% बढ़ कर 31.60 रुपये हो गयी। पिछले साल दिसंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 29.70 रुपये थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने जारी किये अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी 'राइस रोटी रेट' रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत नवंबर की तुलना में दिसंबर में 3% घटी है। नवंबर में वेज थाली की कीमत 32.70 रुपये थी।

**नॉन-वेज थाली 12% महंगी** : नॉन-वेज थाली की कीमत दिसंबर में सालाना आधार पर 12% बढ़ कर 63.30 रुपए हो गयी। पिछले साल दिसंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 56.40 रुपये थी। मंथली बेसिस पर यानी नवंबर की तुलना में दिसंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3% बढ़ी है। नवंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 61.50 रुपये ही थी।

## कल संबलपुर ग्रिड सबस्टेशन पर रखरखाव किया जायेगा, बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**बुर्ला (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी ओड़िशा विद्युत वितरण कंपनी (टीपीडब्ल्यूडीएल) ने 132/33 केवी की स्थापना की घोषणा की है। संबलपुर ग्रिड सबस्टेशन पर रखरखाव का काम चेरुआपाड़ा, झारुआपाड़ा, बड़ाबाजार, बालाबसपुर, बालीबांधा, बारामुंडा, भालूपाली, फार्म रोड, जिला मुख्यालय अस्पताल, कैंसीर रोड, एन गुहा लेन, पीएचडी, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, समलेश्वरी मंदिर क्षेत्र में किया जायेगा। लक्ष्मीतकीज, पुलिस लाइन क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्र बंद रहेंगे। बुधवार को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह रख-रखाव कार्य स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए आवश्यक है। इसलिए टीपीडब्ल्यूडीएल के अधिकारी बिजली सेवाओं में अस्थायी व्यवधान के लिए खेद व्यक्त करते हैं तथा उक्त क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं और जनता से सहयोग की अपेक्षा करते हैं। यह जानकारी टीपीडब्ल्यूडीएल, कॉर्पोरेट कार्यालय, बुर्ला के कॉर्पोरेट संचार और सरकारी संबंध प्रमुख ने दी है।

# बालेश्वर प्रसाद की 89वीं जयंती मनायी गयी

- जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज सभागार बीसा गेतलसूद में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक पूर्व उपप्रमुख बालेश्वर प्रसाद की 89वीं जयंती मनायी गयी। बालेश्वर प्रसाद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर एक सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मिठाइयां बांटी गयीं।

बालेश्वर प्रसाद के पुत्र एवं कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में शिक्षा के विकास में बालेश्वर प्रसाद का उल्लेखनीय योगदान रहा है। बीएड कॉलेज की स्थापना बालेश्वर प्रसाद की ही देन है। बीएड कॉलेज की स्थापना के कारण क्षेत्र के वंचित मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा मिल सका। आज जशपुरिया बीएड कॉलेज से पढ़े हुए अनेक छात्र झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवा दे रहे हैं। भविष्य में इस क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाया जायेगा।





जशपुरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक बालेश्वर प्रसाद को श्रद्धांजलि देते और महिलाओं के बीच कंबल वितरित करते कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार।

इस मौके पर निदेशक शालिनी प्रिया, पोता हर्ष राज, वनलोटवा के ग्रामप्रधान देवचरण महतो, शंकर महतो, लखीराम महतो, अजय कुमार, राजीव कुमार, रंचन कुमारी और महफूज अंसारी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।




# कोरोना जैसे चीनी वायरस के भारत में छह केस

- कर्नाटक-तमिलनाडु में 2-2 और बंगाल, गुजरात में एक-एक बच्चा संक्रमित मिला, उम्र 3 से 8 महीने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के भारत में अब तक छह केस सामने आ चुके हैं। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का संक्रमण मिला। यह बच्चा राजस्थान का है और इलाज के लिए अहमदाबाद पहुंचा है।

इससे पहले, सोमवार सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल में की गई थी। पश्चिम बंगाल में भी पांच महीने के बच्चे में इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। इसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, तमिलनाडु के चेन्नई में भी दो बच्चे संक्रमित मिले हैं। अभी इनके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आयी है।

एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विशेषज्ञों ने यह कह दिया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। 2001 में इसकी पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद ये दुनिया में फैला। ये सांस लेने से फैलता है, हवा के माध्यम से फैलता है। ये सभी एज ग्रुप के लोगों पर असर करता है। डब्ल्यूएचओ हालात पर नजर बनाये हुए है और हमसे जल्द ही रिपोर्ट शेयर की जायेगी।

**गुजरात का बच्चा पहले से बीमार, कर्नाटक में रुटीन जांच में वायरस मिला :** अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे को तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उस बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरुआत में 5 दिन तक उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई जांचों में वायरस के संक्रमण का पता चला। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे रुटीन जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। हालांकि कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया कि बच्चों के सैंपल निजी अस्पताल में जांचे गये और उन्होंने सरकारी लैब में जांच नहीं करायी।

**वायरस के लक्षण कोविड जैसे, छोटे बच्चों पर सबसे ज्यादा असर :** एचएमपीवी वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, दो बच्चों में वायरस की पुष्टि हुई है। ये देखकर मैंने तुरंत कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव से बात की। सरकार इस वायरस को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा, यह कोई वायरस नहीं है। एचएमपीवी एक फ्लू वायरस है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हम अपने पैनल के साथ बैठक कर रहे हैं। इस पर भारत सरकार और आइसीएमआर से चर्चा करेंगे।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**